26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 2 नवम्बर, 2025
अंक- 09 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## इंडिगो फ्लाइट में बम की धमकी, एयरपोर्ट पर हड़कंप

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** सऊदी अरब के जेद्दा से हैदराबाद जा रही इंडिगो की उड़ान संख्या 6E68 में बम की धमकी मिलने के बाद शनिवार (1 नवंबर) को मुंबई हवाई अड्डे पर पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया। एयरबस Axwoneo, जिसमें 185 यात्री सवार थे, को हवाई यातायात नियंत्रण (ATC) द्वारा प्राप्त अलर्ट के बाद सुबह लगभग 7:30 बजे मुंबई की ओर मोड़ दिया गया। अधिकारियों ने तुरंत आपातकालीन प्रोटोकॉल लागू कर दिये। सभी संबंधित एजेंसियों को सूचित किया और विमान की सुरक्षित लैंडिंग की तैयारी के लिए व्यापक आपातकालीन प्रतिक्रिया दल तैनात कर दिया।


## प्लॉट बिकाऊ

बैराज रोड मेन रोड पर स्थित 1200 गज प्लॉट व्यंजन वाटिका के पास बिकाऊ है।

सम्पर्क करें- 9927129584, 9528202224


# भारत में माओवाद का खात्मा करीब, नक्सलवाद 3 जिलों तक सिमटा- मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि छत्तीसगढ़ धीरे-धीरे 'माओवादी आतंकवाद' की गिरफ़्त से मुक्त हो रहा है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि राज्य और देश अब इस ख़तरे से पूरी तरह मुक्ति पाने के क़रीब हैं। राज्य के गठन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में नवा रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने नक्सली हिंसा की छाया में पीड़ित लोगों के दशकों लंबे दर्दनाक संघर्ष को याद किया।



मोदी ने भारत में माओवाद के पतन के बारे में आशा व्यक्त की और कहा कि वह दिन दूर नहीं जब भारत माओवादी आतंक से मुक्त होगा। उन्होंने इस आंदोलन का मुकाबला करने में मिली हालिया सफलता और देश में केवल तीन ज़िलों के वामपंथी उग्रवाद की गिरफ़्त में रहने पर प्रकाश डाला। उन्होंने उन लोगों की कड़ी आलोचना की जो 'संविधान की रक्षा का ढोंग करते हैं और सामाजिक न्याय के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाते हैं,' और उन पर अपने राजनीतिक फ़ायदे के लिए दशकों तक अन्याय करने का आरोप लगाया। माओवादी उग्रवाद के कारण जनजातीय क्षेत्रों की उपेक्षा पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गांव सड़कों, स्कूलों और अस्पतालों से वंचित हैं और सत्ता में बैठे लोग लोगों को उनके भाग्य पर छोड़कर जीवन के सुखों का आनंद ले रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में सत्ता संभालने के बाद उनकी सरकार ने देश से माओवादी आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा, 'ग्यारह साल पहले, 125 से ज़्यादा ज़िले माओवादी आतंकवाद से प्रभावित थे, आज, केवल तीन जिले ही बचे हैं, जहां इसके निशान बचे हैं। वह दिन दूर नहीं जब छत्तीसगढ़ और पूरा देश माओवादी आतंकवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा।' इससे पहले अक्टूबर 2025 में, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा था कि वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित (LWE) ज़िलों की संख्या इस साल की शुरुआत में 18 से घटकर अब 11 हो गई है।


## आवश्यकता है

अनुभवी मैनेजर/सुपरवाइजर
वास्ते होटल एवं रेस्टोरेंट
वेतन योग्यतानुसार
कान्हा फार्म्स, बिजनौर
मो.नं. 9917471021

## आवश्यकता है

हल्दौर में एक कुशल खाना बनाने वाले व्यक्ति की आवश्यकता है। (घरेलू कार्य के लिये)
सम्पर्क करें- 8191819148

## होटल में स्टाफ की आवश्यकता

**2. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी**
वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)
योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव

**2. वेटर/बेल ब्वॉय**
वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार (दिन/रात शिफ्ट)
योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना

होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747

Now In Bijnor
Carrier
Midea
CARRIER MIDEA INDIA
(Air Conditioners)
For Trade Enquries called
Authorised Distributor
VINSUR PRODUCTS
Geeta Nagari, Bijnor 246701
Mob.: 9219690223

85 वर्षों से निरन्तर आपकी सेवा में तत्पर
स्थापना 1939
जगदीश शरण एण्ड संस (चश्मे वाले)
फल चौक, मेन मार्केट, धामपुर
का
नवीन प्रतिष्ठान चश्मों का अत्याधुनिक शोरूम
JAGDISH VISION WORLD
Introducing AI Assisted Digital Refraction
का
भव्य शुभारंभ
(3 नवम्बर 2025, सोमवार को प्रातः 10 बजे) होगा
आप सपरिवार उपस्थित होकर हमें कृतार्थ करें।




सुभाष चौक निकट पिटर इंग्लैंड शोरूम, कालागढ़ रोड, धामपुर



## राशिफल

## विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**सोमवार, 3 नवम्बर 2025**

मेष- दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता, दूसरों के कटुवचन से तकलीफ, दाम्पत्य जीवन में व्यवधान, घरेलू वातावरण तनावपूर्ण, सुख-सुविधा का अभाव, वाहन से भय।

वृषभ- अभिलाषा की पूर्ण होने की ओर, प्रियजनों से विचार-विमर्श, व्यापारिक क्षेत्र में प्रगति, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, उपहार या सम्मान का लाभ, शुभकृत्य सम्पन्न।

मिथुन- विविध पक्षों में अनुकूलता, शुभ-भावनाओं से आत्मिक शांति, उत्साह में वृद्धि, धनागम का मार्ग प्रशस्त, विशेष प्रयास सार्थक, नौकरी में प्रोन्नति, प्रेम सम्बन्ध मधुर।

कर्क- परिस्थितियां भाग्य के पक्ष में, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, अध्यात्म के प्रति आस्था, सहयोगियों से अपेक्षित सहयोग, व्यक्तित्व का विकास, वाहन से खुशी।

सिंह- दिनचर्या अव्यवस्थित, आपसी वैमनस्यता, संकल्प सिद्धि में व्यतिक्रम, नव समस्याएं उत्पन्न, भाग्य में न्यूनता, असमंजस की स्थिति, मित्रों से तनाव, यात्रा निष्फल।

कन्या- पुरुषार्थ से कार्य सिद्धि, शिक्षा एवं प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, कार्य-व्यवसाय में उन्नति, लाभ का सुयोग, अध्ययन में रुचि, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

तुला- स्वास्थ्य सुधार पर, आत्मबल में वृद्धि, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण सफलता, पारिवारिक सौहार्द, यात्रा का प्रसंग, सुसमाचार की प्राप्ति, धर्म के प्रति आस्था।

वृश्चिक- योजना साकार होने की ओर, व्यक्तिगत समस्याएं सुलझने की ओर, नवीन उपलब्धि, व्यापार क्षेत्र में नव परिवर्तन, परोपकार की भावना जागृत, यात्रा सुख।

धनु- कठिनाइयों से मन उदास, पारिवारिक समस्याओं से चिन्तित, आकांक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम, इच्छित कार्यों में व्यवधान, आशा अधूरी, एकाग्रता का अभाव।

मकर- व्यावसायिक क्षेत्र में नवपरिवर्तन, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, अध्यावसाय की ओर रुझान, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, प्रतिष्ठा में वृद्धि।

कुम्भ- इच्छित कार्यों में सफलता, व्यापार में विस्तार की योजना फलीभूत, लाभ का मार्ग प्रशस्त, दूर-समीप की यात्रा, सुसमाचार की प्राप्ति, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न।

मीन- शुभ भावनाओं से आत्मिक शांति, धार्मिक-क्रियाकलापों में रुचि, स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क का लाभ, समस्याएं हल।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर छात्राओं ने निकाली रैली

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** रमा जैन कन्या महाविद्यालय नजीबाबाद में शासन द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों के अन्तर्गत लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयन्ती सप्ताह के अन्तर्गत शपथ समारोह एवं राष्ट्रीय एकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. भावना अरोड़ा व राष्ट्रीय कैडिट कोर अधिकारी मेजर डॉ. सविता सक्सेना के निर्देशन में राष्ट्रीय एकता रैली निकाली गई। महाविद्यालय निदेशक डॉ. केसी मठपाल ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन, विचारों व राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं से सरदार पटेल के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आहवान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं मनीषा, शालू, आंचल, फरहीन, शहरीन, कामिनी, खुशी, कविता रानी, रीना देवी तथा राष्ट्रीय कैडिट कौर की छात्राओं सानिया, सबा नाज़, कशिश, हेमा, आकांक्षा, रिंकी, मुस्कान, शिवानी, अनामिका, नैनसी, अंजलि, रूपानी आदि ने राष्ट्रीय एकता संकल्प पदयात्रा में भाग लिया। पदयात्रा महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई मालन नदी के तट पर पहुंची। इस अवसर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मृदुला त्यागी ने छात्राओं से सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आहवान किया। महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं डॉ. दीप्ति माहेश्वरी, डॉ. रमनदीप कौर, डॉ. रत्ना गर्ग, डॉ. अंकुर अग्रवाल, डॉ. महेन्द्र सिंह, डॉ. मनीषा चौहान, श्रीमती पारूल त्यागी, श्रीमती ज्योति पाल, श्रीमती गुलनार आदि ने बढ़-चढ़कर अपना सहयोग दिया।




रैली निकालतीं छात्राएं व शिक्षिका।



राष्ट्रीय सचिव बनाये गये इकरार जौहरी का पटका पहनाकर स्वागत करते हुए।

## इकरार जौहरी को भाकियू सेवा का राष्ट्रीय सचिव बनाया, गन्ना मूल्य बढ़ाना ऊंट के मुंह में जीरा बताया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन सेवा की एक मीटिंग मौहल्ला जाब्तागंज में इकरार जौहरी पूर्व सभासद के निवास पर संपन्न हुई, जिसमें भारतीय किसान यूनियन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौहम्मद अकरम ने कहा कि सरकार द्वारा बढ़ाया गया मात्र 30 रूपए का गन्ने का रेट ऊंट के मुंह में जीरा है। हम सरकार से मांग करते हैं की कम से कम गन्ने का रेट 500 रुपए कुंटल होना चाहिए, तभी हमारे देश व प्रदेश का किसान खुशहाल रह सकता है। इस अवसर पर इकरार जौहरी को भाकियू सेवा का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत करते हुए उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। उनसे आशा व्यक्त की गई कि वह किसान/मजदूर व समाज के हितों के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव इमरान अहमद, राष्ट्रीय महासचिव फुरकान अहमद, राष्ट्रीय सचिव मौहम्मद शाकिर अंसारी, राष्ट्रीय सचिव मोनीस अहमद, पूर्व प्रधान अकबरपुर चौगांवा आदि उपस्थित रहे।

## अपना दल ( एस ) ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी के नेतृत्व में पार्टी के जिला कार्यालय पर भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारत की एकता व अखंडता के प्रतीक थे। उन्होंने अपने अदम्य साहस, दूरदृष्टि व देशभक्ति से आजाद भारत को एक सूत्र में पिरोया। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समाज व राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। हर कार्यकर्ता को सरदार पटेल की तरह नि:स्वार्थ सेवा व कर्तव्यनिष्ठा के साथ देशहित में काम करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकता दिवस की शपथ ली। राष्ट्रगान के साथ समारोह संपन्न हुआ। जिला महासचिव ठाकुर देवेंद्र सिंह, सत्यम सिंह, पवन कुमार, जावेद, अरशद चौधरी, उपासना सिंह, निधि सिंह, सानिया मलिक, गौरव प्रजापति, सरिता देवी, शोभा देवी, सरदार लाभ सिंह, राजीव सिंह, वकील अहमद, आरिफ, अनूप, राहुल शर्मा आदि मौजूद रहे।



सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

# 'जय श्रीराम और जय बजरंगबली के नारे दंगा कराने के लाइसेंस बने'

## स्वामी प्रसाद मौर्य का विवादित बयान

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** यूपी के पूर्व मंत्री और अपनी जनता पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने एक बार फिर विवादित बयान देकर सियासी हलचल मचा दी है। मौर्य ने कहा है कि जय श्रीराम और जय बजरंगबली जैसे धार्मिक नारे अब दंगा कराने और नफ़रत फैलाने का लाइसेंस बन चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार और उसके समर्थक इन नारों का इस्तेमाल धार्मिक उन्माद फैलाने के लिए कर रहे हैं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद ऐसी घटनाओं को बढ़ावा दे रहे हैं। मौर्य ने अपने बयान में कहा कि आज देश में धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले ठेकेदार समाज में नफ़रत फैलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, धर्म की दुहाई देने वाले लोग आतंकवाद के रास्ते पर चल पड़े हैं। जय श्रीराम और जय बजरंगबली के नारे अब दुकानों, घरों, ईदगाहों, मस्जिदों और मदरसों पर हमले का संकेत बन गए हैं। दुर्भाग्य से मुख्यमंत्री उनका साथ देते हैं। ऐसे अपराधियों पर कार्रवाई करने के बजाय सरकार निर्दोष मुसलमानों के घरों पर बुलडोजर चलवाती है।



मौर्य ने आगे कहा कि यह बेहद दुखद है कि मुख्यमंत्री खुद न्यायालय की भूमिका निभाने लगे हैं। उन्होंने कहा, न्यायालय को जो काम करना चाहिए, वह मुख्यमंत्री खुद अपने हाथों में ले लेते हैं। निर्दोष लोगों के घरों, मदरसों और मस्जिदों पर बुलडोजर चलाया जाता है, जबकि असली गुंडे, माफिया और अपराधी खुलेआम घूमते हैं। मुख्यमंत्री की पसंद का अगर कोई अपराधी हो तो उसके घर पर कभी बुलडोजर नहीं जाता।

नशा तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई जारी एक और अभियुक्त की हुई गिरफ्तारी (पेज 15)



# एसपी कालेज में छात्रों और शिक्षकों को न्याय प्रणाली में हुए परिवर्तनों की जानकारी दी

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** एसपी ग्रुप आफ कॉलेजेज तिगरी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर हीमपुर दीपा पुलिस ने भारत सरकार द्वारा लागू किये गये नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएन एस एस) तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के संबंध में छात्रों एवं शिक्षकों को विस्तार से जानकारी दी कॉलेज परिसर पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी हीमपुर दीपा जय भगवान ने बताया कि छात्रों शिक्षकों और नागरिकों को न्याय प्रणाली में हुए महत्वपूर्ण परिवर्तनों की जानकारी प्रदान कर उन्हें विधिक रूप से सशक्त बनाना ही पुलिस का उद्देश्य है। तीनों संहिताओं के लागू होने से देश की न्याय व्यवस्था अधिक पारदर्शी, त्वरित, तकनीकी रूप से उन्नत और नागरिक केंद्रित बन गई है। कार्यक्रम में



पुलिस टीम ने नए कानून से जुड़ी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की जिज्ञासाओं का समाधान भी कराया थाना प्रभारी जय भगवान ने समाज और देश हित मे जागरूकता फैलाने का सभी से आग्रह किया इससे पूर्व एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया, जिसमें तीन विजयी बच्चों को थाना प्रभारी जय भगवान द्वारा प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार वितरित कर उन्हें सम्मानित किया गया

# टाइम कीपर ने टीआई बनकर बसों की चैकिंग की

**बिजनौर (चिंगारी)।** बिजनौर रोडवेज डिपो में वर्कशॉप के प्रभारी टाइम कीपर ने खुद को ट्रैफिक इंस्पेक्टर बताकर बस की चेकिंग कर डाली। फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

**सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा चैकिंग का फोटो**

जानकारी के अनुसार, बिजनौर डिपो में दर्शन सिंह चालक है। व्यवस्था के तहत एआरएम बिजनौर ने नियम विरूद्ध उन्हें वर्कशॉप में प्रभारी टाइम कीपर की जिम्मेदारी दे रखी है। टाइम कीपर रोड पर आकर बसों की चेकिंग नहीं कर सकता। इसके बावजूद शनिवार को टाइम कीपर दर्शन सिंह ने टीआई की मशीन लेकर नगीना रोड पर परिचालक अरविंद कुमार की बस को चैक किया, जिसका वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक, बिना अधिकार के बसों की जांच करना सेवा नियमों का उल्लंघन है। वहीं, यात्रियों और चालक-परिचालकों के बीच इस घटना को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है। एआरएम अशोक कुमार ने बताया कि वायरल फोटो की सत्यता की जांच कराई जा रही है। टाइम कीपर को पत्र देकर स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। दोषी पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# बंगाली कालोनी में शिविर लगाकर 100 रोगियों का परीक्षण किया

**बिजनौर (चिंगारी)।** सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवा बिजनौर प्रभाग द्वारा दुर्गा मंदिर प्रांगण चंदपुरा बंगाली कालोनी में आज नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वामी भक्ति वेदांत नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. (मेजर) अभिनव सिंह के संयोजन में आयोजित इस शिविर में 100 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। खुद डा. अभिनव सिंह ने नेत्र रोगियों का परीक्षण किया। इनके अलावा जनरल फिजिशियन डा. शैलेन्द्र, दंत रोग विशेषज्ञ डा. हिमांशु राठी, आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सक डा. इला चौधरी ने भी रोगियों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया।



## नये आपराधिक क़ानूनों को लेकर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**शेरकोट (चिंगारी)।** नये अपराधिक कानूनों को लेकर चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के अंतर्गत शनिवार को पुलिस ने क्षेत्र के कई विद्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिनमें 'तकनीक युग नए कानून के प्रावधान का समाज पर प्रभाव' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम के तहत आज थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने चलाए जा रहे 'दंड से न्याय की ओर' कार्यक्रम के तहत नगर के पीजेएम इंटर कॉलेज, ग्राम हदकपुर स्थित तिर्मल सिंह इंटर कॉलेज आदि में कार्यक्रम का आयोजन कर विधार्थियों और शिक्षकों को नये कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया। इस दौरान पीजेएम इंटर कॉलेज में आयोजित की गई निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली निहारिका शर्मा, जेबा परवीन, रिया कुमारी आदि छात्र-छात्राओं को थानाध्यक्ष ने सम्मानित किया। इस अवसर पर एस.आई. विपिन कुमार, प्रधानाचार्य राजीव कुमार व स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।


फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है!
Hero
★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

# सत्यवीरा डिग्री कॉलेज में फ्रेशर पार्टी 'तरंग 2025' का शानदार आयोजन

## शाहज़ेब खान बने मिस्टर फ्रेशर, सिमरन अख्तर मिस फ्रेशर



कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए स्वाति वीरा एवं अन्य अतिथि



सांसद रुचि वीरा को सम्मानित करते हुए कालेज के पदाधिकारी



मिस्टर फ्रेशर व मिस फ्रेशर को सम्मानित करते हुए सांसद रुचि वीरा व अन्य अतिथि।

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिले के प्रतिष्ठित कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज बिजनौर में नवप्रवेक्षित विद्यार्थियों के स्वागत हेतु एक भव्य फ्रेशर पार्टी 'तरंग 2025' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि स्वाति वीरा सचिव रेडियो सन्देश बिजनौर एवं वीरा चैरिटेबिल सोसायटी सदस्य, खुशनूद खां, ट्रेजरार वीरा डिग्री कालेज एवं कौसर अता असलम प्रधान, मौ. एजाज, नंद किशोर, प्रवीण गुप्ता, संजीव राजपूत, संस्था प्राचार्य डा. महेन्द्र सिंह कौरव एवं निदेशक एसबीसीईएम प्रो. अमित कुमार बंसल ने दीप प्रज्वलित करके किया।

मुख्य अतिथि स्वाति वीरा ने छात्र/छात्राओं के द्वारा ऑप्रेशन सिन्दूर एवं ओल्डएज होम पर नाट्य प्रस्तुति पर भावुक होकर कहा कि कश्मीर में पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा निर्मम हत्या की हृदयविदारक घटना हुई थी। उन्होंने कहा कि हमारी युवा पीड़ी को कुछ ऐसा करना चाहिए, जिससे कि इस तरह कि घटना कि पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कॉलेज प्राचार्य प्रो. डॉ. महेंद्र सिंह कौरव द्वारा लिखित दो पुस्तकों इंट्रोडक्शन टू पॉलीमर साइंस एंड केमिस्ट्री एवं इनऑर्गनिक केमिस्ट्री एंड कोर्डिनेशन कंपाउंड्स पुस्तकों का भी विमोचन किया।

कार्यक्रम के फैशन शो कांटेस्ट की मुख्य अतिथि कुंवरानी रुचि वीरा सांसद मुरादाबाद ने अपने उद्बोधन में सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि कुंवर सत्यवीरा डिग्री कालेज के छात्र-छात्राएं विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में अपने जिले एवं प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर पर भी अपना नाम ऊंचा कर रहे हैं। मिस्टर फ्रेशर शाहजेब खान बीबीए प्रथम वर्ष, मिश फ्रेशर सिमरन अख्तर बीए प्रथम वर्ष, मिस्टर इवनिंग वंश चौधरी बीएससी प्रथम वर्ष, मिस इवनिंग स्नेहा कश्यप बीएससी प्रथम वर्ष को चुना गया। निर्णायक मंडल में प्रो. डॉ. नीलम गुप्ता कॉमर्स डिपार्टमेंट वर्धमान कॉलेज, प्रो. डॉ. रेशु शर्मा आर्ट्स डिपार्टमेंट वर्धमान कॉलेज एवं असिस्टेंट प्रो. डॉ. मनीष कुमार गुप्ता वनस्पति विभाग वर्धमान कॉलेज बिजनौर से रहे। इस अवसर पर हेड लाइब्रेरियन इंजीनियरिंग कॉलिज सुनील भारद्वाज, कॉलेज स्टाफ, अभिषेक भारद्वाज, डॉ. शबनम कुरैशी, हर्ष कुमार, राजकुमार, मुकेश कुमार व अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# माता-पिता की सेवा सबसे बड़ा धर्म- संजय महाराज



## तीन दिवसीय सत्संग का आयोजन

**शेरकोट (चिंगारी)।** नगर के आर्य समाज मन्दिर में मानव सेवा आश्रम लोक परलोक सुधार आध्यात्मिक सत्संग की ओर से तीन दिवसीय सत्संग का आयोजन किया गया। शनिवार को दूसरे दिन काफी संख्या में अनुयायियों ने सत्संग में पहुंचकर प्रवचन सुने और धर्म लाभ कमाया।

शुक्रवार से मौहल्ला वीरथला निवासी महेन्द्र प्रताप राणा के सौजन्य से आर्य समाज मंदिर में तीन दिवसीय सत्संग का आयोजन कराया गया। सत्संग से पूर्व अनुयायियों ने ढोल नगाड़ों के साथ गुरु संजय सिंह महाराज की शोभायात्रा निकाली गई, जिसका कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत हुआ। सत्संग में प्रवचन करते हुए संत संजय महाराज ने अपनी अमृत वाणी में गुरु की पांच विशेषताएं बताईं। उन्होंने गुरु के अंदर पाये जाने वाले गुण बताते हुए कहा कि गुरु ऐसा होना चाहिए जो किसी का दान, चढ़ावा न लेता हो, वह महल रुपी आश्रम में न रहता हो, उसने त्याग और तपस्या की हो और ग्रहस्थ जीवन से दूर हो, वो भक्तों के घर-घर जाता हो और किसी किताब या ग्रंथ का सहारा न लेता हो। महाराज जी ने अपने प्रवचन में आगे कहा कि मोक्ष की प्राप्ति गुरु के बिना असम्भव है। उन्होंने माता-पिता की सेवा करने को सबसे बड़ा धर्म बताया और सनातन धर्म के प्रति दुराचार कर षडयंत्र करने वाले लोगों से सचेत रहने की बात कही। कार्यक्रम आयोजन में धर्मवीर सिंह राजपूत, सुरेन्द्र सिंह, अक्षय कुमार, सुनील रुहेला, अमित रूहेला आदि का मुख्य सहयोग रहा।

# वर्धमान कॉलेज की छात्राओं का प्रदेश स्तर के लिए चयन

**बिजनौर (चिंगारी)।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद की ओर से मेटल हैंडीक्राफ्ट सर्विस सेंटर एमएचएससी में राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद एनईवाईपी 2026 का आयोजन हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय और सम्बद्ध के 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। 10 छात्र-छात्राओं का चयन विश्वविद्यालय द्वारा प्रदेश स्तर के लिए किया गया, जिसमें वर्धमान महाविद्यालय की बीएससी प्रथम सेमेस्टर की दो छात्र वृदा चौधरी तथा वंशिका अग्रवाल का भी चयन हुआ, जिसके लिए महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डा. प्रीति खन्ना ने दोनों चयनित छात्राओं को प्रदेश स्तर पर चयन तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय की इन छात्राओं का मार्गदर्शन महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डा.जूही तथा डा. अनामिका ईएनओ द्वारा किया गया।

# सपाइयों ने आचार्य नरेन्द्र देव व सरदार पटेल जयन्ती मनाई




**बिजनौर (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय बिजनौर में आचार्य नरेंद्र देव तथा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन तथा संचालन डॉ. रहमान ने किया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं के जीवन, विचारों और देश के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि आचार्य नरेंद्र देव ने समाजवादी आंदोलन को वैचारिक दिशा प्रदान की, वहीं सरदार पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से देश की एकता को सुदृढ़ किया। जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने अपने संबोधन में कहा कि आचार्य नरेंद्र देव और सरदार पटेल के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने स्वतंत्रता संग्राम के समय थे। इस अवसर पर मदनलाल सैनी, प्रभा चौधरी, महमूद कस्सार, सतपाल सिंह, कमलेश भूय्यार, मनोज राजपूत, डॉ. योगेंद्र सिंह, बी.के. कश्यप, अखलाक पप्पू, अफजल उल हक, काशिफ खान, नमन प्रधान, अब्दुल वहाब, श्लोक पवार, शेर सिंह भूय्यार, कासिम कुरैशी, अंकुर सैनी, संजय पाल, कोशिंदर सिंह, जगविंदर चौधरी, सरफराज अहमद, अशोक कुमार तथा अहमद खिज़र खान सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधायक प्रतिनिधि ने किया जंगल सफारी का शुभारंभ


मंचासीन अतिथि।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया के इको पर्यटन सत्र का शुभारंभ विधायक कुंवर सुशांत सिंह के न पहुंच पाने की दशा में विधायक सुशांत सिंह के विशेष प्रतिनिधि सीपी सिंह ने पर्यटकों की जिप्सी को हरी झंडी दिखाकर किया। इससे पूर्व अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया के केहरीपुर जंगल स्थित कैंप कार्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और वनाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

जिला परियोजना अधिकारी पुलकित अग्रवाल के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर ने पर्यटकों को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी और पर्यटकों से विभागीय नियमों का पालन करने का आह्वान करते हुए चालकों, गाइडों से



जिप्सी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक प्रतिनिधि सीपी सिंह।

सफारी के दौरान पर्यटकों को नियमों से अवगत कराते रहने की नसीहत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएफओ बिजनौर जय सिंह कुशवाहा ने पर्यटकों का आह्वान किया कि वह सिर्फ और सिर्फ टाइगर देखने के उद्देश्य से ही नहीं, बल्कि यहां मौजूद अनेक जैव विविधताओं को निहारने को भी महत्व दें। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार 'बबली' भाजपा (अ.मो.) के जिलाध्यक्ष मलकीत सिंह, भाजपा नेता भारत सिंह, मनित प्रताप, नितिन प्रताप, अजय कुमार, भूपेंद्र सिंह डीएफओ नजीबाबाद अभिनव राज, वन क्षेत्राधिकारी नगीना प्रदीप कुमार शर्मा, वन क्षेत्राधिकारी बिजनौर महेश गौतम, एसडीओ ज्ञान सिंह व अंशुमन मित्तल, इको पर्यटन विकास समिति के अध्यक्ष जसराज सिंह आदि मौजूद रहे।

## अतिथियों की प्रतीक्षा में 3 घंटे लेट शुरू हुआ कार्यक्रम

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक शनिवार को अमानगढ़ में जंगल सफारी के शीतकालीन सत्र का शुभारंभ प्रात: 11 बजे किया जाना था, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री कपिल कुमार अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय भाजपा विधायक कुंवर सुशांत सिंह को आमंत्रित किया गया था। 3 घंटे तक इंतजार करने उपरांत जब दोनों में से कोई अतिथि कार्यक्रम में नहीं पहुंचे तब विधायक प्रतिनिधि सीपी सिंह द्वारा जिप्सी को हरी झंडी दिखाकर जंगल सफारी के सत्र का शुभारंभ कराया गया।

## अतिथियों, वनाधिकारियों एवं मीडियाकर्मियों ने जंगल सफारी की



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )। अमानगढ़ में जंगल सफारी के शीतकालीन सत्र के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित अतिथियों, वनाधिकारियों एवं मीडियाकर्मियों ने जिप्सियों में सवार होकर जंगल सफारी का आनंद लिया। हालांकि पहले दिन हिरण, जंगली मुर्गा जैसे छोटे वन्यजीवों के अलावा मन में उमंग भर देने वाले वन्यजीवों जैसे टाइगर, हाथी, सांभर आदि के दीदार नहीं हो पाए।**

# बिजनौर-गंज मार्ग पर पांच नवम्बर तक बंद रहेंगे भारी वाहन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कार्तिक गंगा स्नान मेला-2025 के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष रूट डायवर्जन प्लान लागू किया है। यह व्यवस्था आज दो से 5 नवंबर मेले की समाप्ति तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान गंज मार्ग पर भारी वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार मेले के दौरान दारानगर गंज मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान पुलिस और ट्रैफिक विभाग की संयुक्त टीमें लगातार निगरानी करेंगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। ट्रैफिक प्रभारी दरोगा रवि नैन ने बताया कि इन दिनों श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करने की अपील की है। यातायात नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

## यह रहेगा रूट डायवर्जन प्लान

★बिजनौर से चांदपुर की ओर जाने वाले ट्रक, रोडवेज बसें और डीसीएम वाहन कृष्णा कॉलेज तिराहा से बिजनौर-नूरपुर रोड होते हुए अम्हेड़ा तिराहा (हल्दौर) से चांदपुर की ओर जाएंगे। ★चांदपुर से बिजनौर आने वाले भारी वाहन शुगर मिल तिराहा (चांदपुर) से अम्हेड़ा मार्ग होते हुए बिजनौर पहुंचेंगे। ★बिजनौर-दारानगर, गंज-चांदपुर मार्ग पर 2 नवंबर से 5 नवंबर तक सभी प्रकार के भारी वाहनों का आवागमन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। ★ बिजनौर, मंडावर, बालावाली, लक्सर मार्ग पर 4 नवंबर की शाम 6 बजे से 5 नवंबर को गंगा स्नान समाप्ति तक ट्रक, डंपर और डीसीएम वाहनों का आवागमन रुका रहेगा। बिजनौर-गंगा बैराज मार्ग पर भी 4 नवंबर की शाम 6 बजे से 5 नवंबर तक भारी वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।




# ग्रेट इंडियन एकेडमी में हुआ रन फॉर यूनिटी का आयोजन

**झालू ( चिंगारी )।** ग्रेट इंडियन ऐकेडमी में राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया तथा रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य मुकुल शर्मा ने सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों एवं मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सरदार पटेल जी ने देशी रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर हमारे देश को एकता के बंधन में बांधा। विद्यालय के डीन आयुष अग्रवाल ने विद्यार्थियों से नैतिक मूल्यों एवं राष्ट्रीय एकता के महत्व पर चर्चा की तथा उन्हें एकजुट रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रबंध समिति सदस्य गौरव डावरा के निर्देशन में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 9वीं एवं 10 वीं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर श्री डावरा ने कहा कि हमारा देश विविधताओं में एकता का प्रतीक है और यही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



# भारतीय किसान संघ ने धरने को समर्थन दिया

**बिजनौर ( चिंगारी )। भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने हेमराज कॉलोनी अंडरपास के लिए चल रहे धरना स्थल पर पहुंचकर सैकड़ों की संख्या में हुंकार भरी और कहा कि हेमराज कॉलोनी अंडरपास बहुत जरूरी है, इससे दर्जनों गांवों को लाभ मिलेगा। धरने में भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन जिला मंत्री सुरेश कुमार ने किया। भारतीय किसान संघ के प्रदेश संगठन मंत्री शशिकांत, प्रांत अध्यक्ष संजीव चौधरी, जिला अध्यक्ष राजकुमार, प्रांत संगठन मंत्री सुनील कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष रूपिंदर सिंह, ब्लॉक मंत्री सचिन चौधरी इत्यादि आदि की उपस्थिति रही।**



# जसपुर में धूमधाम से मनाई गई देवउठनी एकादशी

## खाटू श्याम जन्मोत्सव पर हुई विशेष पूजा



मंदिर में उपस्थित श्रद्धालु।

**जसपुर ( चिंगारी )।** कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की देवउठनी एकादशी का पावन पर्व यहां बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने घरों और मंदिरों में गन्ने का सुंदर मंडप सजाया और विधि-विधान से तुलसी-शालिग्राम का विवाह कराया। पर्व के साथ ही शुभ मांगलिक कार्य प्रारंभ हो गए। श्रद्धालुओं ने दिनभर उपवास रखा और शाम के समय भगवान विष्णु की विशेष पूजा अर्चना की।

इस दौरान पारंपरिक लोकगीत उठो देव जागो देव गाकर भगवान को योगनिद्रा से जगाने की रस्म निभाई। मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। धर्मप्रेमियों ने गरीबों और जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र और अन्य वस्तुएं दान कीं। वहीं नगर के प्रतिष्ठित खाटू श्याम मंदिर को फूलों एवं झालरों से सजाया गया। बाबा खाटू श्याम के जन्मोत्सव के मौके पर विशेष श्रृंगार किया गया। श्याम प्रेमियों ने बाबा की विशेष पूजा एवं भंडारे का आयोजन किया। हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने खाटू श्याम मंदिर में पूजा अर्चना कर मंगल कामनाएं कीं। देर रात तक मंदिर में प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चलता रहा। इस मौके पर चौधरी रामपाल सिंह, अनुराग अग्रवाल, रवि चौधरी, दयाराम प्रजापति, प्रदीप अग्रवाल, सुनील कुमार सोनी, रिंकू प्रजापति, संजीव चौधरी, शिवकुमार, सीताराम, प्रिंस, सतीश, निधि चौधरी, रीना देवी, स्वाति, अनु, आदि मौजूद रहे।



## कोटद्वार प्रेस क्लब अब देहरादून से सम्बद्ध

**कोटद्वार ( चिंगारी )। कोटद्वार प्रेस क्लब अब उत्तरांचल प्रेस क्लब देहरादून से सम्बद्ध हो गया है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष चंद्रमोहन शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सचिव सुभाष नौटियाल ने यह जानकारी दी। बैठक में सर्वसम्मति से नई सदस्यता खोलने का निर्णय भी लिया गया।**

## कुकिंग गैस से होने वाले हादसों से बचाव के लिये छात्राओं व महिलाओं को जागरूक किया



ग्रामीणों को जानकारी देते हुए महिलाएं।

**धामपुर ( चिंगारी )।** स्योहारा मार्ग स्थित गांव सरकड़ा-चकराजमल में 'हमारी रसोई-हमारी जिम्मेदारी' अभियान के अंतर्गत रसोई में गैस सिलेंडर व चूल्हों से आग लगने से होने वाले हादसों से बचाव के प्रति छात्राओं, महिलाओं व ग्रामीणों को जागरुक किया गया। महिलाओं को रसोई में कार्य करने के साथ ही गैस चूल्हे की देखभाल, गैस पाइप व रेगुलेटर बदलने व अन्य बिंदुओं की जानकारी दी गई।

शनिवार को गांव सरकड़ा-चकराजमल में अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम हुआ। अलग-अलग स्थानों पर टीम ने ग्रामीणों को जागरुक किया। अभियान धामपुर में रानीबाग कालोनी स्थित भारत गैस की वैंकटेश्वर एजेंसी की टीम की ओर से चलाया गया।

अभियान में डिंपल गुप्ता, मैनेजर अंबरीश कुमार, रोहित व आरसी जैन आदि ने स्कूली छात्राओं व महिलाओं को बताया कि बहुत से स्थानों पर आएदिन रसोई में गैस सिलेंडर में आग लगने की घटनाएं होती हैं, जो बड़ा रूप ले लेती हैं और महिलाएं व परिवार के अन्य लोग भी झुलस जाते हैं। रसोई व घर का सामान भी जलकर बर्बाद हो जाता है। इसका मुख्य कारण लापरवाही है, रसोई में काम करते समय महिलाएं व अन्य सदस्य गैस चूल्हे में हुई खराबी, गैस पाइप लाइन बहुत पुराना या कटी हुआ होने के बावजूद इस पर ध्यान नहीं देते हैं, इससे गैस लीक होने से हादसे होते हैं। महिलाओं को जागरुक किया गया कि वह पाइप लाइन समय-समय पर बदले, पुराना चूल्हा होने पर उसे एजेंसी से बदलकर नया लगवाएं और सिलेंडर के रेगुलेटर का भी ध्यान रखें। इससे हादसों को रोका जा सकता है।

## रोड हादसे में महिला की दर्दनाक मौत

**रायपुर सादात ( चिंगारी )।** बाइक और बस की टक्कर में पति के साथ बाइक से मायके जा रही महिला की सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। परिजन बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव को अपने घर ले गए और दफीने की कार्यवाही शुरू कर दी। बताया जाता है कि थाना नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम कोटकादर निवासी खतीजा अपने पति नसीम अहमद के साथ बाइक द्वारा अपने मायके टांडा माइदास जा रही थीं। रास्ते में टांडा रोड स्थित ईदगाह के पास सामने से आ रही एक प्राइवेट बस (संख्या यूपी 20 टी 3181) से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बस का पहिया महिला के ऊपर चढ़ गया, जिससे उसका सिर पूरी तरह कुचल गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

## समाधान दिवस में 123 शिकायतें आईं, मौके पर सिर्फ तीन निपट पाईं

**धामपुर ( चिंगारी )।** तहसील परिसर स्थित सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ, जिसमें कुल 123 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से केवल पांच का मौके पर निस्तारण हो सका। बिजनौर से पहुंची एडीएम वित्त व राजस्व वान्या सिंह, एसडीएम स्मृति मिश्रा, सीओ धामपुर अजय कुमार पांडेय, धामपुर वन रेंजर शशांक गुप्ता, तहसीलदार धनराज सिंह व नायब तहसीलदार कपिल आजाद आदि ने जनसमस्याएं सुनीं। कुल 123 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से पांच का मौके पर निस्तारण कर दिया गया, शेष 118 शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द निस्तारण के लिए सौंप दिया गया।



तहसील समाचार में समस्याएं सुनते हुए उप जिलाधिकारी और एडीएम वित्त।

शिकायतों में सबसे अधिक राजस्व विभाग की 60 शिकायतें रहीं। इसके अलावा पुलिस की 32, विकास कार्यों की 12, नगर पालिका व गन्ना विभाग की तीन-तीन, विद्युत विभाग व खाद्य एवं रसद की चार-चार, विनियमित क्षेत्र की दो और लोक निर्माण विभाग, पंचायती राज व चकबंदी की एक-एक शिकायत दर्ज की गईं। अधिकारियों ने सभी शिकायतों का निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

## स्टेशन रोड पर अतिक्रमण के कारण, लोगों का गुज़रना हो गया मुश्किल



ग्राम सरकड़ा में सड़क पर खड़े हुए वाहनों से हुआ अतिक्रमण।

**धामपुर ( चिंगारी )।** स्योहारा मार्ग स्थित गांव सरकड़ा चकराजमल में रेलवे स्टेशन को जाने वाली सड़क पर अतिक्रमण के कारण लोगों का गुजरना मुश्किल हो गया है। आरोप है कि इस पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से पार्किंग बना रखा है। कारें, ट्रैक्टर, थ्री व्हीलर आदि इस सड़क पर खड़े रहते हैं। इससे किसानों को इस रास्ते गन्ने से लदे वाहन निकालने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

वह घंटों इस सड़क पर फंसे रहते हैं। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग की है। गांव सरकड़ा चकराजमल में रेलवे स्टेशन गांव से लगभग आधा किलोमीटर दूर है। लेकिन इस पर लोगों ने पूरी तरह से अतिक्रमण कर रखा है। सड़क पर हर समय वाहन, रेहड़ी आदि खड़ी रहती हैं। इससे गांव से स्टेशन जाना दूभर हो गया है। इसके अलावा इस सड़क से होकर किसान खेतों पर भी आते-जाते हैं। गन्ने के सीजन में तो किसान काफी परेशान रहते हैं। यहां से गन्ने से लदी बुग्गी, ट्रैक्टर ट्राली आदि निकालना मुश्किल हो जाता है। यहां पर जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। घंटों किसान सड़क पर फंसे रहते हैं। कड़ी मशक्कत के बाद यहां से निकला जाता है। सुरेन्द्र, प्रदीप, संजीव, हेमराज, प्रीतम, सरोज, विनोद, अकरम आदि ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार पुलिस के आला अधिकारियों से इसकी शिकायत की। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया जाता तो वह मुख्यमंत्री से इसकी शिकायत करते हुए आंदोलन करेंगे।

# विदुर कुटी गंगा तट पर, बस गया तंबुओं का नगर, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये व्यापक बंदोबस्त

**बिजनौर ( चिंगारी )।** दारानगर गंज में विदुर कुटी के पास गंगा स्नान मेले की लगभग सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं, जो शेष रह गई हैं उन्हें जिला प्रशासन अंतिम रूप देने में लगा है। जिला प्रशासन ने मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किये हैं।

मेले में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। मेले का विधिवत उद्घाटन 3 नवम्बर को होगा। विदुर कुटी में गंगा किनारे रेत पर लगभग 50 हजार मीटर लम्बे-चौड़े मैदान में गंगा स्नान मेला लगाया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से मेले को कई जोन व सेक्टरों में बांटा गया है। सुरक्षा के लिए कई थाना प्रभारियों, 20 से अधिक दरोगा, महिला दरोगा, दो कम्पनी पीएसी, एसडीएफ की टीम तथा अनेक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी रहेगी। आपात स्थिति से निपटने के लिए गोताखोर की टीम व बोट की व्यवस्था रहेगी।

स्नान घाट पर चेंजिग की व्यवस्था की गई है। दारानगर गंज में विदुर कुटी के पास गंगा किनारे रेत पर तंबुओं का शहर बस गया है। गंगा स्नान मेले में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। हर-हर गंगे के जयकारों के साथ मेले में पहुंच रहे श्रद्धालुओं से मेला क्षेत्र आस्था व मस्ती के रंग में रंगता जा रहा है।

## पांच बिस्तरों का अस्थायी अस्पताल भी बनेगा

गंगा स्नान मेले में पांच बिस्तरों का अस्थायी अस्पताल भी बनाया गया है, जहां श्रद्धालुओं को चौबीस घंटे स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। गंगा स्नान मेले में पॉलीथीन का प्रयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। यातायात सुचारू बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था की गई है। मेला स्थल पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए पंचायत विभाग द्वारा कूड़ेदान की समुचित व्यवस्था की गई है। मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालु अपने तंबू लगाकर तीन दिनों तक मेले में रह सकते हैं।

## ब्रह्म मुहूर्त में गंगा स्नान से मिलता अमोघ फल

कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन गंगा में डूबकी लगाने से पापों से मुक्ति मिलती है तथा मोक्ष प्राप्त हो जाता है। कार्तिक पूर्णिमा को ब्रह्मुहर्त में स्नान करने से अमोघ फल की प्राप्ति होती है। चतुर्दशी को गोधूलि बेला में गंगा नदी में दीपदान किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि दीपदान करने से पुण्य मिलता है तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है। दीपदान पितरों को शांति देने के लिए किया जाता है। मान्यता है कि इस दिन दीपदान व पुरोहितों को कपड़े दान करने से मृत आत्माओं को शांति मिलती है।

# झालू में पुलिस की गश्त हुई कम शरारती तत्व मचा रहे ऊधम

## बाइकर्स ने मचा रखा आतंक

**झालू ( चिंगारी )।** नगर में पुलिस का फ्लैग मार्च और गश्त कम होते ही बाइकर्स का आतंक हो गया है। कुछ युवकों द्वारा नगर के मुख्य बाजार और मोहल्लों में ओवर स्पीड बाइक चलाकर राहगीरों में खौफ फैलाने का काम किया जा रहा है, जिससे बाजार में बच्चों व बुजुर्गों का निकलना दूभर हो रहा है।

नगर में खास दीपावली के दिन हुए दो पक्षों के झगड़े व कई छुटपुट घटना होने के बाद झालू पुलिस एलर्ट मोड पर आ गयी थी। हल्दौर थानाध्यक्ष पुलिस टीम के साथ लगातार प्रतिदिन पैदल मार्च कर रहे थे, जिससे झालू पुलिस की मौजूदगी हर मोड़ पर दिखाई दे रही थी। इससे नगरवासियों में सुकून व सुरक्षा का भाव पैदा हुआ था, जिस कारण बदतमीज व झगड़ालू किस्म के युवक बाहर नहीं दिखाई दे रहे थे। परंतु ये कुछ दिन तक ही चल पाया। अब पुलिस गश्त कम होने का असर नगर में साफ दिखाई दे रहा है।

बाइकों व स्कूटी पर तीन से चार युवकों का बैठकर तेज गति में वाहन चलाना आम बात हो रही है। इसके अलावा बाइकों से तेज आवाज निकालने वाले युवक भी नगर में सक्रिय हैं।

लोगों का कहना है कि ऐसा ही चलता रहा तो नगर में कभी भी गंभीर घटना हो सकती है। नगरवासियों का मानना है कि नगर में पुलिस गश्त लगातार होनी चाहिए और ओवर स्पीड वाहनों पर कार्यवाही होनी चाहिए। इसके अलावा नशेड़ियों पर भी लगाम कसते हुए कार्यवाही होनी चाहिए।

# बीज भंडार केन्द्र पर धरना दिया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर ब्लॉक जलीलपुर स्थित कृषि विभाग के बीज भंडार केन्द्र पर धरना दिया। जिला अपर कृषि अधिकारी ने धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों की समस्याओं को सुना। मांग पूरी होने पर धरना समाप्त हो गया। धरने पर बैठने वालों में संगठन के तहसील अध्यक्ष देवेंद्र बिट्टू, मीडिया प्रभारी मुस्तकीम राजपूत, जिला उपाध्यक्ष सूरज कश्यप, कपिल राणा, तहसील संयोजक नरेंद्र सिंह, दयाराम सिंह, हर गुलाल कश्यप, इमरान खान, गुड्डू खान, बब्बू खान, सुरेंद्र सिंह, सोमपाल सिंह, तसलीम सलमानी, नूर मोहम्मद, मांगेराम सैनी, देवेंद्र शर्मा आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

# मॉडर्न ऐरा स्कूल में हुई Annual Sports Meet

## मेधावियों और अवार्डी छात्रों को सम्मानित किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल, बिजनौर में वार्षिक Annual Sports Meet बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट जनपद बिजनौर श्री कुणाल रस्तौगी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय की डायरेक्टर प्राचार्या डॉ. सीमा विश्वास, विद्यालय प्रबंधक श्री अनिल चौधरी, अध्यक्ष श्री ठाकुर गजेन्द्र सिंह, श्री नमन चौधरी, श्रीमती अनीता चौधरी, श्रीमती प्रभा ठाकुर उपस्थित रहे।



विद्यालय का खेल मैदान आकर्षक सजावट से सुसज्जित था- इस अवसर पर चारों ओर गुब्बारे, सूरजमुखी के फूल, मोर की आकृतियां एवं भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक प्रतिमा सभी का ध्यान आकर्षित कर रही थीं। मुख्य द्वार से लेकर खेल मैदान तक उल्लास और उत्साह का अद्भुत माहौल था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं डायरेक्टर प्राचार्या डॉ. सीमा विश्वास, विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। तत्पश्चात रंग-बिरंगे गुब्बारे एवं शांति और समृद्धि के प्रतीक सफेद कबूतरों को उड़ाकर खेलकूद समारोह का औपचारिक शुभारंभ किया गया। हेड बॉय मुनेंद्र सिंह ने घोड़े पर सवार होकर शक्ति एवं साहस का परिचय दिया। वहीं अजन्ता, नालंदा, तक्षशिला एवं उज्जैन हाउस के विद्यार्थियों ने बाइक राइड के माध्यम से अपने-अपने हाउस का ध्वज लहराया। स्कूल बैंड एवं एसपीसीएस की टुकड़ियों ने अनुशासनपूर्वक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया, जो सभी के लिए प्रेरणादायक रहा।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 'अनेकता में एकता' की झलक दिखाई दी। गणेश वंदना, दुर्गा स्तुति, कृष्ण स्तुति, शिव स्तुति, योग, वेलकम ड्रिल और वंदे मातरम् जैसी मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया।**

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के टॉपर्स, जिला टॉपर्स और 90प्रतिशत से अधिक अंक एग्रीगेट में प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

**95 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने वालों को 10,000 व प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया गया तथा 90 प्रतिशत से 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वालों को 5,000 व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।**

विद्यालय की छात्रा ख्याति चौधरी, वैष्णवी शर्मा, आकृति और श्रेया को सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी होने के नाते अपने देश का नाम और अपने विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए सम्मानित किया गया। मनिंदर सिंह एवं रणदीप कौर को ऑल राउंडर, बेस्ट स्पीकर, वेल डिसिप्लिन स्टूडेंट के रूप में तथा केशव एवं आयत नाज को बेस्ट स्पीकर के रूप में प्रोत्साहित किया गया।

**विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन में नालंदा हाउस को सर्वश्रेष्ठ हाउस का खिताब प्राप्त हुआ, जबकि अजन्ता हाउस द्वितीय स्थान पर रहा।**

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक श्री अनिल चौधरी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय की सफलता में सभी के परिश्रम और सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे भी खेल और शिक्षा दोनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# आधारशिला में कार्यक्रम हुआ रंगारंग, देखकर दर्शक रह गये दंग


कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि अशोक कटारिया।

## सप्तरंग-2025


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए छात्राएं।

**चांदपुर ( चिंगारी )। आधारशिला 'द स्कूल' में सप्तरंग 2025 वार्षिकोत्सव के 7वें संस्करण का रंगारंग समारोह का भव्य आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व परिवहन मंत्री अशोक कटारिया, विद्यालय के संरक्षक राधेश्याम कर्णवाल, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष बाल्मीकि, विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर के कुलाधिपति अमित गोयल एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री सतेंद्र जी ने दीप प्रज्वलन एवं ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की वंदना के साथ की गई। विद्यालय प्रबंधक विवेक कर्णवाल एवं श्रीमती एकता कर्णवाल द्वारा सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम गणेश वंदना के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भगवान गणेश की बड़ी ही मनोहारी झांकी प्रस्तुत की जिसका निर्देशन कोमल चौहान, रजनी शर्मा के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। इसके पश्चात अभिभावकों को समर्पित मातृ पितृ देवो भव: कार्यक्रम प्रस्तुत हुआ, जिसका निर्देशन काजल वर्मा एवं महिमा राजपूत ने किया था। स्वतंत्रता के आंदोलन में कित्तूर की महारानी चेनम्मा के योगदान को याद करते हुए एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसका निर्देशन कमलेश कुमार जोशी एवं भावना अहलावत ने किया था। पृथ्वी पर कल-कल निनाद करती मां गंगा के अवतरण की प्रस्तुति देते हुए गंगावतरण के रूप में एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसका कुशल निर्देशन चतुर्भुज पाण्डेय, पूजा पाण्डेय एवं वैशाली मित्तल ने किया। बॉलीवुड सिनेमा जगत में तमिल सिनेमा के योगदान को याद करते हुए एक कार्यक्रम प्रस्तुत हुआ, जिसका कुशल निर्देशन महिमा राजपूत, शेफाली सिंघल एवं आयुषी ने किया। वृंदावन की गलियों में भगवान श्रीकृष्ण की बाल-लीलाओं एवं उनके द्वारा गोवर्धन पर्वत को उठाने की सुंदर एवं मनोहारी झांकी प्रस्तुत हुई, जिसका निर्देशन गगन शर्मा, विकास सैलानी, वैशाली मित्तल, श्वेता तोमर, मनीषा आदि ने किया। भारतवर्ष के सम्राट चन्द्रगुप्त एवं उनके गुरु चाणक्य की जीवनी को प्रदर्शित करती हुई एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसका निर्देशन कुलदीप शर्मा एवं शैलेंद्र शर्मा ने किया। आदिशक्ति जगतजनी मां दुर्गा के नौ रूपों की प्रस्तुति देते हुए एक नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें मां दुर्गा के नौ रूपों की छवि विद्यमान थी, जिसका निर्देशन प्रियंका गोयल एवं हंसाली चौहान ने किया था। इसके बाद भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं भारत के विभिन्न क्षेत्रों की विविधताओं को प्रदर्शित करती हुई एक लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसका कुशल निर्देशन ऋतु गर्ग, कृतिका चौहान, काजल भाटिया एवं विकास सैलानी ने किया था। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में जिन वीर बलिदानियों ने अपने प्राणों की कुर्बानी दी थी, उन्हें परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। इसी झांकी को प्रस्तुत करते हुए परमवीर चक्र के रूप में एक शानदार प्रस्तुति की गई थी, जिसका निर्देशन अम्बुज भारद्वाज एवं प्रीति चौहान ने किया था। भगवान विष्णु के नृसिंह अवतार की मनमोहक एवं सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई, जिसका कुशल निर्देशन कोमल चौहान, रजनी शर्मा एवं भावना शर्मा ने किया था। इसके बाद छत्रपति संभाजी महाराज के शौर्य गाथा को प्रदर्शित करती हुई एक लघु नाटिका का आयोजन हुआ, जिसका निर्देशन गगन शर्मा, सुंदरपाल सिंह एवं हेमंत त्यागी ने किया था। इस झांकी का विशेष आकर्षण छात्र-छात्राओं द्वारा अखाड़े का प्रदर्शन रहा, जिसे सभी दर्शकों ने बहुत सराहा और इस समारोह की अंतिम प्रस्तुति के रूप में भारत की पहचान शास्त्रीय नृत्य के रूप में हुआ, जिसका निर्देशन दीपिका शर्मा एवं विभूति त्यागी ने किया था। वार्षिकोत्सव के रंगारंग कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति नमस्ते इंडिया के रूप में हुई।

# गोल्डन बैल्स स्कूल में हुई कबड्डी और रस्साकसी प्रतियोगिता




## टेरेसा और भगत सिंह हाउस जीता

**स्योहारा ( चिंगारी )।** ठाकुरद्वारा रोड स्थित गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को इंटर हाउस कबड्डी और रस्साकसी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस इंटर-हाउस प्रतियोगिता 2025-26 ने साबित कर दिया कि नेतृत्व, खेल भावना और जुनून युवावस्था से ही शुरू होते हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ निर्देशक सरदार गुरविंदर सिंह, निर्देशिका तवलीन कौर, प्रधानाचार्य शेखर सिंह और सीनियर कोऑर्डिनेटर शिवम ठाकुर ने टॉस को उछालकर किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में खेलों के प्रति आत्मविश्वास की भावना जागृत होती है और शरीर के साथ-साथ मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है। प्रतियोगिता का आयोजन सीनियर कोऑर्डिनेटर शिवम ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया। सभी हाउस के बच्चों ने अपने हाउस को जिताने के लिए भरसक प्रयास किया। कक्षा 6 से 12वीं तक के बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें प्रथम स्थान पर मदर टेरेसा हाउस चैंपियन, द्वितीय स्थान पर गांधी हाउस और तृतीय स्थान पर भगत सिंह और कलाम हाउस रहे। कबड्डी प्रतियोगिता में मानिक सिसोदिया उत्कृष्ट खिलाड़ी रहे। इंद्रपाल और दिवाकर ने खेल में अंपायर की भूमिका निभाई। ओमानंद बिश्नोई की कमेंट्री ने खेल में चार चांद लगा दिये। वहीं रस्साकसी प्रतियोगिता में भगत सिंह हाउस प्रथम स्थान पर रहा, जिसमें कक्षा 6 से कक्षा 12 तक की छात्राओं ने भाग लिया था। खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए निर्देशक सरदार गुरविंदर सिंह, निर्देशिका तवलीन कौर, प्रधानाचार्य शेखर सिंह एवं सीनियर कोऑर्डिनेटर शिवम ठाकुर ने प्रशस्ति-पत्र, पदक व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सीमा, मुकुल, गौरव, अजीम, आरिफ, विनीत ,अर्शी, निशा, दिशा, मयंक, निगारिश, आफिया, राहुल, सदफ, अनुज, पवन आदि अध्यापक मौजूद रहे।

# नूरपुर में निकली भव्य प्रभातफेरी



**नूरपुर ( चिंगारी )।** श्री गुरु नानक देव जी महाराज की 556वें प्रकाश पर्व पर सात दिवसीय प्रभातफेरी के अंतर्गत शनिवार को प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से आरंभ होकर पांच प्यारों की अगुवाई में नगर में करती हुई धामपुर रोड पर स्थित बीबी हरविंदर कौर के आवास पर पहुंची, जहां बीबी हरविंदर कौर ने फूलमाला से निशान साहिब का सम्मान किया तथा फूलों की बरखा से सभी संगत का स्वागत करते हुए प्रसाद वितरण किया। इस दौरान प्रभातफेरी का सिख समुदाय के अलावा हिंदू-मुस्लिम सभी धर्म के लोगों ने बढ़-चढ़कर स्वागत किया। प्रभातफेरी में गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार गुरनाम सिंह चिंटू, जनरल सेक्रेटरी रिंकू भाटिया, कोषाध्यक्ष गुरनाम सिंह मुन्ना, वीरेंद्र सिंह बक्शी, सरदार गुलशन सिंह दिवा, हरपाल सिंह, सरदार परवेंद्र सिंह चौधरी, अजय वीर सिंह, संदीप जोशी, मुकुल गुप्ता, अब्दुल जब्बार, रविन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# श्रद्धापूर्वक मनाया खाटू श्याम का जन्मोत्सव



**अफजलगढ़( चिंगारी )।** नगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर एवं सर्राफा व्यापारी रोबिन अग्रवाल के निवास पर हारे के सहारे खाटू श्याम जी का पावन जन्मोत्सव बड़े ही भक्ति भाव, उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि श्री खाटू श्याम जी का यह जन्मोत्सव कार्तिक शुक्ल पक्ष की देवउठनी एकादशी को धूमधाम से मनाया जाता है।



भक्तों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान श्री खाटू श्याम जी पांडव पुत्र भीम और राक्षसी हिडिंबा के पौत्र हैं। इनके पिता का नाम घटोत्कच तथा माता का नाम मोरवी था। उनका वास्तविक नाम बर्बरीक था, जो उनके सिंह समान केशों के कारण रखा गया। जब भगवान श्रीकृष्ण ने उनकी अद्भुत शक्ति और भक्ति भाव देखा तो उन्हें वरदान दिया कि कलियुग में तुम मेरे नाम से पूजे जाओगे। इसी कारण आज भक्तजन उन्हें हारे के सहारे श्री खाटू श्याम जी के रूप में पूजते हैं। इस दौरान पूरे परिसर में जय श्री श्याम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन, आरती एवं प्रसाद वितरण कर बाबा श्याम का जन्मदिन दिव्य उल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में मंदिर समिति के रजत अग्रवाल, राहुल पाठक, अशोक अग्रवाल, लवकेश शर्मा, अर्पित महेश्वरी, रॉबिन अग्रवाल सहित अनेक श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित भक्तों ने बाबा श्याम का दर्शन, पूजन एवं आरती कर आत्मिक शांति और आशीर्वाद प्राप्त किया।

## कीर्तन कर श्याम बाबा का जन्मदिन मनाया

**स्योहारा ( चिंगारी ) खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव उनके भक्तों के द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर खाटू श्याम के भक्तों ने खाटू श्याम का कीर्तन किया। केक काटा, भजन गाए और उनके महिमा का गुणगान किया। इस मौके पर रितिका अग्रवाल के द्वारा मोहल्ला मालियान में अपने निवास पर खाटू श्याम बाबा का कीर्तन किया और कीर्तन के बाद प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर मीरा रानी, अक्षय कुमार, सृष्टि पुष्पक, शोभित पुष्पक, विनीता, रानी, आराध्या, बेबी, साक्षी पुष्पक आदि भक्तों का योगदान रहा।**

# निखिल व चंचल की थीं बाग में मिली लाशें

## करीब एक साल से दोनों के बीच चल रहा था प्रेम-प्रसंग

### 28 अक्टूबर से थे दोनों ग़ायब

**बिजनौर/ गंज (चिंगारी)। बिजनौर-गंज रोड पर ग्राम लखपतनगर उर्फ़ लक्खीवाला के पास नाभा फार्म के बाग मे मिली लाशें ग्राम दारानगर के निखिल व उसकी पड़ौसी चंचल की थीं। दोनों के बीच पिछले लगभग एक वर्ष से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। अनुमान है कि दोनों ने आत्महत्या की होगी, लेकिन निखिल की मां लाडो का आरोप है कि उसके पुत्र की हत्या की गई है।**

उल्लेखनीय है कि कल देर शाम बिजनौर-गंज मार्ग पर ग्राम लखपत नगर उर्फ लक्खीवाला के पास स्थित नाभा फार्म के बाग में एक पेड़ के नीचे युवक-युवती के शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। सूचना मिलते ही एसपी अभिषेक झा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थे। दोनों लाशें कई दिन पुरानी लग रही थीं। लड़की की लाश के एक हिस्से को किसी जंगली जानवर ने खा भी लिया था। पुलिस ने लाशों की शिनाख्त का प्रयास किया था। लेकिन कोई उन्हें पहचान नहीं सका था। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया था। बाद में दोनों लाशों की पहचान ग्राम दारानगर निवासी निखिल पुत्र स्व. गोपी व चंचल पुत्री स्वर्गीय गुड्डु के रूप में हुई। निखिल की उम्र लगभग 20 वर्ष व चंचल की उम्र करीब 14 वर्ष थी। बताया जाता है कि दोनों के बीच पिछले लगभग एक वर्ष से प्रेम-प्रसंग चल रहा था।



निखिल व चंचल के फाइल फोटो।

दोनों शव तीन-चार दिन पुराने लग रहे थे। शवों को देखने से अंदाजा हो रहा था कि दोनों ने आत्महत्या की। शवों से बदबू आने लगी थी। मृतक युवती के शव के एक हिस्से को किसी जंगली जानवर ने खा भी लिया था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पुलिस जांच कर रही है। पीएम रिपोर्ट के बाद युवक-युवती की मौत का कारण पता चलेगा।

### ऐसे हुई लाशों की शिनाख्त

लाशों की शिनाख्त के प्रयास के दौरान पुलिस को पता चला कि गत 28 अक्टूबर से ग्राम दारानगर निवासी एक युवक-युवती गायब हैं, जिनकी गुमशुदगी की तहरीर थाना कोतवाली शहर बिजनौर में दी गई थी। पुलिस ने गायब युवक-युवती के परिजनों से संपर्क किया और उन्हें शवों की शिनाख्त के लिये मोर्चरी ले गई। परिजनों ने लाशों की शिनाख्त निखिल व चंचल के रूप में की।

ग्राम दारानगर निवासी निखिल व चंचल पड़ोसी हैं। दोनों के बीच करीब एक साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों के परिजनों को इसका पता भी था। निखिल व चंचल का इश्क परवान चढ़ता गया। प्रेम-प्रसंग को लेकर दोनों के परिवारों के बीच कई बार नोक-झोंक भी हुई। लेकिन निखिल व चंचल पर कोई असर नहीं हुआ। दोनों लगातार मिलते रहे।

### निखिल की मां ने लगाया हत्या का आरोप

निखिल की मां लाडो का आरोप है कि उसके पुत्र ने आत्महत्या नहीं की। उसकी हत्या की गई है। लाडो ने बताया कि निखिल लेंटर डालने वाले मिस्त्रियों के पास मजदूरी करता था। वह 28 अक्टूबर से गायब था। घर से नजीबाबाद लेंटर डालने के लिये गया था और फिर वापस नहीं आया था। लाडो ने बताया कि उसके पुत्र पर चंचल की मोहब्बत का ऐसा भूत सवार था कि जब-जब वह उसे समझाती थी, वह उसके साथ मारपीट करने लगता था। लाडो ने आरोप लगाया कि उसके पुत्र की हत्या की गई है। निष्पक्ष जांच कर उसे इंसाफ दिलाया जाये।

### क्यों की होगी आत्महत्या ?

**चर्चा है कि दोनों ने आत्महत्या की, लेकिन ये बात गले नहीं उतर रही कि दोनों ने आत्महत्या क्यों की होगी। हालांकि चंचल के परिजन निखिल से उसके विवाह को लेकर राजी नहीं थे, लेकिन वे निखिल से बहुत नाराज भी नहीं थे। निखिल चंचल के परिजनों के साथ ही बैठता-उठता था। निखिल की मां लाडो का कहना है कि निखिल चंचल के परिजनों के साथ उठता-बैठता और दारु पीता था। चंचल के परिजन निखिल को सब कुछ जानते हुए भी कभी कुछ नहीं कहते थे।**

### दोनों के घर पर पुलिस तैनात


**लाशों की शिनाख्त के बाद ग्राम दारानगर में निखिल व चंचल के घरों पर एहतियात के तौर पर पुलिस तैनात कर दी गई है।**

## सीओ ने प्रतियोगिता के विजयी विद्यार्थियों को सम्मानित किया



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। सेंट मैरिस इंटर कॉलेज मंडावली में पुलिस के द्वारा एक सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के 11 जी व 12 जी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। 10-10 बच्चों के 4 ग्रुप बनाए गए। पुलिस के द्वारा नए कानून में बदलाव, यातायात पुलिस, महिला सशक्तिकरण से संबंधित सवाल मालूम किए गए। बच्चों से 40 सवाल मालूम किए गए। जिसमें से बच्चों ने 36 सवालों के जवाब दिए। प्रतियोगिता में सवालों के सही जवाब देने पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले ग्रुप के छात्र, छात्राओं को सीओ नितेश प्रताप सिंह के द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सीओ ने बच्चों को महिला हेल्पलाइन नंबर, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर, नए कानून में बदलाव, पुलिस विभाग में पदों आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन आलोक त्यागी ने किया। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह, एसएसआई योगेंद्र सिंह, महिला कांस्टेबल स्वाति प्रजापति, प्रधानाचार्या सिस्टर शीबा अगस्टी, शिक्षक द्विजेंद्र त्यागी, गजे सिंह, मुकुल राठी, कॉलेज व पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

## अखिलेश का एहसान दानिश अख्तर को जीत दिलाकर उतारेंगे- मुनव्वर अली



नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व जिला महासचिव मुनव्वर अली ने कहा है कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जो अहसान जनपद बिजनौर के निवासी हाजी दानिश अख्तर को प्रत्याशी बनाकर किया है, उस एहसान का बदला जनपद बिजनौर के निवासियों को हाजी दानिश को चुनाव भारी मतों से जिताकर एमएलसी बनाकर उतारने का काम करना चाहिए। श्री अली ने कहा कि अखिलेश यादव ने दिखा दिया है कि वह भी स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की तरह जनपद बिजनौर को प्यार करते हैं, जिस तरीके से नेताजी को जनपद बिजनौर से विशेष लगाव था, इसी प्रकार से अखिलेश यादव को भी बिजनौर से विशेष लगाव है। अखिलेश चाहते हैं कि जनपद बिजनौर का निवासी व खास करके मुस्लिम समुदाय का एमएलसी बने। इसलिए उन्होंने जन भावनाओं को ध्यान रखते हुए पीडीए की नीति को पूर्ण करने को हाजी दानिश अख्तर को प्रत्याशी बनाया है। मुनव्वर अली ने समाज के शिक्षक से अनुरोध किया है कि वह जाति धर्म से ऊपर उठकर जनपद बिजनौर के वासी हाजी दानिश को वोट देकर कामयाब बनाएं। सपा के प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह अपने वोटरों के पास जाकर उन्हें वोट के लिए जागरूक करे शिक्षक व शिक्षा के विकास के लिए हाजी दानिश अली की जीत सर्वसमाज को उन्नति की ओर अग्रसर करेंगी।



## विधायक डॉ. नीरज बोरा का स्वागत किया

### वैश्य समाज ने कैबिनेट में स्थान देने की मांग की

नजीबाबाद (चिंगारी)। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन उत्तर प्रदेश के ऊर्जावान प्रदेश अध्यक्ष एवं लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा का नजीबाबाद आगमन पर अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जनपद बिजनौर के जिलाध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट के नेतृत्व में उनका वैश्य समाज, व्यापारियों व महाकाल भक्त मंडल परिवार द्वारा फूल मालाओं से जोरदार एवं भव्य स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एड. के साथ जिला महामंत्री तुषार अग्रवाल के आवास पर कई संगठनों द्वारा डॉ. नीरज बोरा को अंग वस्त्र एवं भगवान की प्रतिमाएं भेंट कर स्वागत व सम्मान किया गया। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जनपद बिजनौर परिवार ने विधायक डॉ. नीरज बोरा को कैबिनेट में महत्वपूर्ण स्थान देने की भी मांग की। इस अवसर पर युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल, जिला संयोजक रोहित अग्रवाल, नगर अध्यक्ष तनु गोयल, सौरभ कुमार, देवेंद्र प्रजापति, ऋषभ, आकाश भटनागर, अमित चैहान, लक्ष्मण, विपिन अग्रवाल, अनिल कुमार सिंघल, शुभम अग्रवाल, विकल्प अग्रवाल, सागर आदि मौजूद रहे।

# मनोज पारस ने किया मज़ार के सौंदर्यकरण का लोकार्पण



**किरतपुर ( चिंगारी )।** दरगाह हज़रत मोहिउद्दीन मियां के मजार परिसर के पूर्ण हो चुके सौंदर्यकरण का लोकार्पण बीती रात विधायक व पूर्व राज्यमंत्री मनोज पारस द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन अब्दुल मन्नान व विशिष्ट अतिथि मुस्लिम फंड कमेटी के अध्यक्ष साइम राजा रहे। इस अवसर पर जायरीन की भीड़ उमड़ पड़ी। दरगाह पर चल रहे तीन दिवसीय उर्स मुबारक की समाप्ति पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें दरगाह कमेटी की ओर से नगर व क्षेत्र से आए सैकड़ों लोगों की दस्तारबंदी की गई तथा कुल शरीफ की रस्म अदा की गई।

इसके अलावा रात भर कव्वालियों का सिलसिला जारी रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मनोज पारस ने कहा कि दरगाह परिसर में जो हॉल बनाया गया है, उसके निर्माण पर 50 लाख रुपए खर्च आया है, जिनमें 25 लाख रुपए पर्यटन विभाग द्वारा स्वीकृत किए गये हैं और 25 लाख रुपए उन्होंने अपनी निधि से दिया। उन्होंने कहा कि हमने चुनाव के दौरान जो वादे जनता से किए थे, उन्हें पूरा करने के लिए हम प्रयासरत है। चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने कहा कि दरगाह पर दोनों वर्ग के लोग मन्नतें मांगने आते हैं। जायरीन की सुविधा के लिए हॉल का निर्माण किया गया है तथा दरगाह परिसर का सौंदर्यकरण किया गया है, जिसका श्रेय विधायक मनोज पारस व उनकी टीम को जाती है, मुस्लिम फंड कमेटी के अध्यक्ष साईम राजा ने कहा कि इस कार्य के लिए उन्होंने दरगाह कमेटी के लोगों के साथ लखनऊ के के चक्कर काटे विधायक मनोज पारस की मेहनत काबिले तारीफ है।

कार्यक्रम का संचालन सपा नगर अध्यक्ष शब्बन जुनैदी ने किया। इस अवसर पर सैयद मुकीम शाह चिश्ती साबरी मुन्ने मियां, सज्जादा नशी, मोहम्मद राशिद होटल वाले, रियासत अली, पुरुषोत्तम कुमार बब्बी, वरिष्ठ सपा नेता शेख जाहिद हुसैन, मोहम्मद शदान, सभासद मोहम्मद आबिद, मोहम्मद फैजान, नफीस राईन, हिमांशु भारती, अनवर कुरैशी, मोहम्मद गौहर, इकरार नेता, नीटू प्रधान वकार अहमद भट्टे वाले के अलावा सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# गन्ने के खेतों में गुर्राता फिर रहा गुलदार लेकिन पिंजरे में घुसने को नहीं तैयार



इमरतपुर में टाइगर के मूवमेंट पर गश्त करते वनकर्मी।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** रेहड़ क्षेत्र के ग्राम इमरतपुर में आबादी के पास स्थित गन्ने आदि के खेतों में टाइगर की गुर्राहट लगातार सुनाई दे रही है। टाइगर की लगातार मूवमेंट से किसानों, मजदूरों एवं अन्य ग्रामीणों में दहशत है, लेकिन जान-माल की सुरक्षा को लेकर वन विभाग द्वारा कोई ठोस कार्यवाही न किए जाने से लोगों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां आसपास के खेतों में टाइगर की लगातार मूवमेंट एक गंभीर समस्या है, जिसे विभागीय उच्चाधिकारियों द्वारा हलके में नहीं लेना चाहिए और इसे ट्रेंकुलाइज कर पकड़ने जैसी प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि टाइगर पिंजरे तक में घुसने को तैयार नहीं है। जितेंद्र कुमार आदि कई ग्रामीणों ने यह भी बताया कि टाइगर पिंजरे के आसपास ही टहलकर और कुछ देर आराम फरमाकर चला गया, मगर पिंजरे के अंदर नहीं जा पाया। हालांकि वनकर्मी ड्रोन से भी सर्चिंग अभियान चलाए हुए हैं, लेकिन सवाल यह पैदा होता है कि आखिर वह ड्रोन से दिखाई देने के बाद पकड़ा कैसे जाएगा। उधर इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी नगीना प्रदीप कुमार शर्मा का कहना है कि समस्या के समाधान के प्रयास किया जा रहे हैं। ट्रेंकुलाइज जैसे प्रक्रिया के लिए उच्चाधिकारियों से बात की जा रही है। आदेश प्राप्ति पर ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

**लगातार मूवमेंट से लोगों में दहशत का माहौल**

# इन्दिरा गांधी व सरदार पटेल को श्रद्धांजलि दी



**नहटौर ( चिंगारी )।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 41वीं पुण्यतिथि एवं भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष हेनरिता राजीव सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुए कार्यक्रम में वक्ताओं ने नेताओं के आदर्शों एवं योगदान पर प्रकाश डालते हुए प्रेरित किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष जाहंगीर जैदी, जावेद अंसारी (उपाध्यक्ष) एवं हुकुम सिंह (महासचिव), जावेद इक़बाल, आफताब अहमद, मोहम्मद शारिक, वसीम कुरैशी, सलीम, दिलशाद अंसारी, विनीत चौधरी, मोहम्मद फुरकान अंसारी परवेज़ इक़बाल, साबिर अंसारी, मिथुन कुमार, सुकेश कुमार, अरविंद, राजू, नवाब अंसारी आदि उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आकर युवक की मौत



मृतक का फाइल फोटो

**नहटौर ( चिंगारी )।** नहटौर-पैजनिया मार्ग पर बाइक व ट्रैक्टर- ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव रामपुर बिडार निवासी नकुल पुत्र धर्मपाल सिंह (18 वर्ष) किसी कार्य से नहटौर आया था। वह नहटौर से करीब 12.30 बजे वापस अपने घर लौट रहा था। जब वह नहटौर-पैजनिया मार्ग पर ग्राम मीमला मुस्तफाबाद पहुंचा तो सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली से टक्कर हो गई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल नकुल को राहगीरों की मदद से सीएचसी ले गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# बैठक में शिक्षकों ने अभिभावकों को बच्चों की उत्तर पुस्तिकाएं दिखाईं



**अफ़ज़लगढ़ ( चिंगारी )।** गांव अगवानपुर स्थित मीरी पीरी खालसा अकादमी में अर्द्धवार्षिक परीक्षा के नतीजों को लेकर अभिभावक अध्यापक की बैठक का आयोजन किया गया। इस मौक़े पर बड़ी संख्या में अभिभावक स्कूल पहुंचे। बैठक में बच्चों की उत्तर पुस्तिकाएं दिखाई गईं ताकि वालिदैन अपने बच्चों की मेहनत और उनकी तालीम (शिक्षा) की सच्ची तस्वीर देख सकें। शिक्षकों ने हर बच्चे की कामयाबी, कमज़ोरियों और सुधार के पहलुओं पर तफ़सील से बातचीत की।

प्रधानाचार्य मनप्रीत सिंह संधू ने कहा कि बच्चों की कामयाबी सिर्फ़ स्कूल की नहीं, बल्कि घर और स्कूल दोनों की मिलीजुली कोशिश का नतीजा होती है। उन्होंने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए वालिदैन का सहयोग बहुत ज़रूरी है। उन्होंने बताया कि स्कूल का मक़सद सिर्फ़ किताबों की तालीम देना नहीं बल्कि बच्चों के अख़लाक़, व्यवहार और शख़्सियत (व्यक्तित्व) को निखारना भी है। उन्होंने सभी वालिदैन से अपील की कि वे अपने बच्चों को पढ़ाई में हौसला दें और रोज़ उनके सबक़ पर ध्यान दें। बैठक का संचालन अध्यापिका हरजीत कौर ने किया।

# नेहा की मौत दम घुटने से हुई, लेकिन आत्महत्या का कारण नहीं पता चला



नेहा शर्मा का फाइल फोटो।

**धामपुर ( चिंगारी )।** पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नगर की टीचर्स कालोनी किराये पर कमरा लेकर रहने वाली 26 वर्षीया एएनएम की छात्रा नेहा शर्मा की मौत का कारण दम घुटना बताया गया है, लेकिन उसने आत्महत्या क्यों की, इसका कारण पता नहीं चल सका। पीएम रिपोर्ट के मुताबिक मृतका नेहा शर्मा की गर्दन पर फांसी लगाने के निशान भी मिले। उसकी आत्महत्या को लेकर कई तरह के कयास लगाये जा रहे हैं। नेहा के पिता की एक साल पहले मौत हो गई थी। वह तीन भाई बहनों में सबसे छोटी थी। ठाकुरद्वारा में एएनएम का कोर्स कर रही थी और धामपुर में एक अस्पताल में काम भी करती थी। शुक्रवार की सुबह नेहा शर्मा का शव कमरे में पंखे से लटका मिला था। उसकी आत्महत्या रहस्य बना हुआ है। परिजनों ने पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी है।

# कॉलेज की पहचान परिणाम से होती है- प्रो. पारुल त्यागी

-चंद्रमणि रघुवंशी

**बिजनौर ( चिंगारी )। कॉलेज में पढ़ी छात्रा को प्रांतीय स्तर या राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले तो कॉलेज मॉडल कॉलेज बन जाता है न कि सजी धजी इमारत के रंग-रोगन और भव्यता तथा कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की बेशुमार संख्या कॉलेज को कोई पहचान दिला पाती है, कॉलेज की पहचान परिणाम से होती है।**

यह कहना है रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर (डॉ.) पारुल त्यागी का। उन्हें उस कॉलेज का प्राचार्या बने हुए आज दो नवम्बर को चार साल पूरे हो जायेंगे और अभी उनकी सेवा समाप्ति पांच साल दूर है। शिक्षाविद् प्रो. पारुल त्यागी का जन्म 7 मई 1969 को मुजफ्फरनगर जिले के थानाभवन शहर में श्री सत्यपाल त्यागी के घर में हुआ था, उनके पिता पुलिस में अधिकारी थे तथा माता श्रीमती रिया त्यागी एक




गृहिणी थीं, वे चार भाई-बहन हैं। उनके पति प्रो. विवेक त्यागी सांख्यिकी प्रोफेसर हैं तथा मेरठ में एक डिग्री कॉलेज में सेवारत हैं। वे उच्च शिक्षा प्राप्त विदुषी तथा संवेदनशील महिला हैं। वे एम.फिल (अंग्रेजी), एम.एड. तथा पीएचडी हैं। वे 30 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में सेवारत हैं। डॉ. पारुल त्यागी एक शिक्षाविद् होने के साथ-साथ एक कवियत्री भी हैं। उनकी कविताओं के संकलन 'बस यूं ही', 'स्पंदन' और 'राधेश' प्रकाशित हो चुके हैं। उनके काव्य संकलन उनकी काव्य प्रतिभा का लोहा मनवाने के लिये पर्याप्त हैं। उनकी एक अंग्रेजी भाषा में पुस्तक 'ए स्टडी ऑफ इंग्लिश' प्रोज़ भी है तथा उनकी सुप्रसिद्ध नाटककार विजय तेंदुलकर के नाटकों का सामाजिक अध्ययन पर भी एक महत्वपूर्ण पुस्तक प्रकाशित हुई है।

प्रो. पारुल त्यागी नई शिक्षा नीति की सराहना करते हुए मानती हैं कि नई शिक्षा नीति रोजगार परक है। साथ ही भारतीय संस्कृति को भी बढ़ावा देती है। प्रो. पारुल त्यागी स्वीकार करती हैं कि आज का शिक्षक निराश है शिक्षा एक नोबुल व्यवसाय है, लेकिन समाज में शिक्षक को उतना मान-सम्मान तथा प्रतिष्ठा प्राप्त नहीं होती, जितने का वह अधिकारी है। शिक्षक की उपेक्षा तथा उदासीनता उनके अंदर खिन्नता पैदा करती है। इसका एक प्रमुख कारण बदलते सामाजिक मूल्य हैं। नैतिकता के ह्रास से भी शिक्षकों का अवमूल्यन हुआ है।

प्रो. पारुल त्यागी एक सवाल के जवाब में स्वीकार करती हैं कि बदलते सामाजिक मूल्यों की वजह से विवाह संस्था बिखर रही है, टूट रही है, लेकिन उनका मानना है कि महिलाओं की सुरक्षा



के लिये बने कानूनों के दुरुपयोग से विवाह संस्था को क्षति पहुंची है। वे कहती हैं कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति में पवित्र विवाह संस्था की रक्षा के लिये जनजागरण की जरूरत है और इसके लिये स्वयंसेवी संस्थाओं को आगे आकर पहल करनी चाहिए, ताकि विवाह संस्था की पवित्रता और अक्षुणता बनी रहे।

## डॉ. नीरज चौधरी की ओर से मेले में चल रहा भण्डारा

**छाछरी मोड़ ( चिंगारी )।** विदुर कुटी गंगा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर लगने वाले मेला गंगा स्नान में राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता डॉ. नीरज चौधरी एवं उनके भाई पंकज चौधरी और असीम शक्ति सरिया फैक्ट्री ग्राम इस्माइलपुर, चांदपुर वालों की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें मेले में पधारे मां गंगा भक्तों के लिए मुक्त भोजन और दवाइयां तथा आराम करने के लिए, रहने की व्यवस्था फ्री की जा रही है। डॉक्टर नीरज चौधरी ने बताया कि उनकी यह सेवा 10 वर्षों से लगातार निरंतर जारी है और आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से मेले में पहुंचकर भोजन ग्रहण करने और सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की।



डॉ. नीरज चौधरी

## बसपा नेता इरफान कुरैशी का इंतेकाल

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद मरहूम हाजी मौ. यूनुस कुरैशी के पुत्र वरिष्ठ बसपा नेता इरफान कुरैशी का शनिवार की शाम इंतेकाल हो गया। उनके इंतेकाल से नगर व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई तथा उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। मरहूम मौ. इरफान कुरैशी निहायत, मिलनसार, खुशअखलाक, नमाज, रोज़े के पाबंद व प्रमुख समाजसेवी थे। उनकी नमाजे जनाजा में पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी, सलीम अंसारी एडवोकेट, पूर्व विधायक मौ. गाजी, शेख सुलेमान, कारी अब्दुल रहमान, नसीम अहमद, इमामुद्दीन, रियासत हुसैन अंसारी, मौ. इब्राहीम कुरैशी, रईस कुरैशी, शरीफ कुरैशी, तनवीर कुरैशी, डा. गुलशन, नासिर कुरैशी, मौ. हाशिम उर्फ कुरैशी, तनवीर कुरैशी, मौ. शाहिद सलमानी, मुफ्ती जहीर अहमद, मौ. इरफान आदि लोग शामिल रहे।

## कांठ से युवती को भगा लाया, पुलिस को देख प्रेमी युवक ने ज़हर खाया

**अफज़लगढ़ ( चिंगारी )। पुलिस को आता देख एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। पुलिस ने तत्काल युवक को गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफज़लगढ़ में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उसका इलाज किया गया।**



अस्पताल में भर्ती समीर।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम कासमपुर गढ़ी में उस समय अफरा-तफरी मच गयी, जब ग्राम निवासी समीर ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। घटनाक्रम के अनुसार मेरठ जनपद की रहने वाली एक नाबालिग युवती कुछ दिन पूर्व अपने फूफा के घर कस्बा कांठ से लापता हो गई थी। युवती के परिजनों ने थाना कांठ में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शनिवार को लड़की पक्ष को सूचना मिली कि युवती थाना अफज़लगढ़ क्षेत्र के ग्राम कासमपुर गढ़ी निवासी समीर पुत्र इमरान के साथ है। जिसके बाद लड़की पक्ष ने निकाह का आश्वासन देकर युवक-युवती को ग्राम में बुला लिया। बताया जा रहा है कि निकाह की तैयारी चल ही रही थी कि इसी दौरान लड़की पक्ष द्वारा दी गई सूचना पर स्थानीय थाना पुलिस तथा कांठ पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर थाने ले जाने का प्रयास किया। इसी दौरान युवक समीर ने कथित रूप से जहरीला पदार्थ निगल लिया। घटना से मौके पर हड़कंप मच गया। आनन-फानन पुलिस ने युवक को अस्पताल पहुंचाया। समीर की माता ने बताया कि कुछ दिन पूर्व युवती ने उनके बेटे को मेरठ मेले में बुलाया था। वहीं से दोनों की जान-पहचान प्रेम संबंध में बदल गई थी। इसके बाद युवती अपने फूफा के घर कांठ से निकलकर समीर के साथ रहने लगी थी। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह का कहना है कि युवती को कांठ पुलिस अपने साथ ले गई है। जबकि युवक अपनी मां के साथ चला गया है, जो कि पूर्ण रुप से स्वस्थ है।

## पर्यटन विभाग द्वारा बर्ड वॉचिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

### राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष पर युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की पहल

**नैनीताल ( चिंगारी )।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष (25वीं वर्षगांठ) के उपलक्ष्य में पर्यटन विभाग नैनीताल द्वारा नैना देवी हिमालयन बर्ड कंजर्वेशन रिजर्व पंगोट, नैनीताल में बर्ड वॉचिंग का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (1 से 5 नवम्बर 2025 तक) आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय नागरिकों एवं युवाओं को बर्ड वॉचिंग प्रशिक्षक के रूप में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक नैनीताल सरिता आर्या द्वारा किया गया। इस अवसर




पर उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर उन्हें बताया कि पंगोट क्षेत्र बर्ड वॉचिंग हेतु विश्व प्रसिद्ध स्थल है तथा युवाओं को इस क्षेत्र में गाइड के रूप में स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया। विधायक द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को बर्ड लिट्रेचर एवं टी-शर्ट भी वितरित की गई। प्रशिक्षण के दौरान 25 युवाओं को स्थानीय नागरिकों के सहयोग से पंगोट से किलबरी गाइड हाउस होते हुए चीना पीक तक बर्ड वॉचिंग प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

जिला पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पर्यटन विभाग द्वारा विभिन्न पर्यटन स्थलों पर जनजागरूकता, प्रशिक्षण एवं प्रचार-प्रसार संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर विधायक नैनीताल सरिता आर्या, अतुल भंडारी (जिला पर्यटन विकास अधिकारी नैनीताल), दयाकिशन पोखरिया (भाजपा मंडल अध्यक्ष), नितिन कार्की (प्रशिक्षक), नितिन बिष्ट, हरीश राणा, पूरन जोशी एवं दीपक मर्तोलिया (बर्ड वॉचिंग एक्सपर्ट) सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# गंगा स्नान मेले में इस बार, व्यवस्थाएं रहेंगी शानदार

## डीएम और एसपी ने लिया जायजा



गंगा किनारे मेला स्थल का निरीक्षण करते डीएम, एसपी आदि।

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** शनिवार को अपराह्न पौने तीन बजे जिलाधिकारी जसजीत कौर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा अधिकारियों की फौज के साथ स्थानीय गंगा स्नान मेला स्थल पर पहुंचे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मेला समिति को गंगा के किनारे बैरिकेडिंग कराने, पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने, महिलाओं के लिये पर्याप्त चेंजिंग रुम बनाने, टॉयलेट्स की व्यवस्था करने, मेला स्थल पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यूं तो व्यवस्थायें पूर्व से होती आयी हैं, लेकिन इस बार कुछ बेहतर व्यवस्थायें बनायें। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने कहा कि महिला स्नान घाट पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगाये जायें। स्नान करते हुए किसी श्रद्धालु के डूबने की घटना न हो, इसके लिये फ्लड पीएसी और एसडीआरएफ की टीम को लाइफ जैकेट्स के साथ लगाया जायेगा। घाटों के दोनों तरफ पेट्रोलिंग टीम लगाई जायेंगी, ताकि कोई अनहोनी न हो। मेला समिति संरक्षक / संयोजक, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने बताया कि रास्तों की सभी व्यवस्थायें पूर्ण कर ली गई हैं। शेष व्यवस्थायें रविवार की शाम तक पूर्ण कर ली जायेंगी। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को अधिकाधिक सुविधायें उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। एएसपी (सिटी) डा. कृष्ण गोपाल सिंह, सीओ (सिटी) आईपीएस गौतम राय, एसडीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अमित कुमार, हेमेन्द्र चौधरी, वीरेन्द्र शर्मा, सुधीर चौधरी, नीटू सिंह, सत्यपाल सिंह, गौतम कुमार एवं राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

### मेले का उद्घाटन कल

*स्थानीय गंगा स्नान मेले का उद्घाटन कल ( 3 नवम्बर को ) विधिवत रूप से गंगा पूजन एवं गंगा आरती करके किया जायेगा। 5 नवम्बर को मुख्य गंगा स्नान के बाद 6 नवम्बर को गुदड़ी मेले का आयोजन भी होगा। यहां गुदड़ी मेले में भी काफी भीड़ उमड़ती है। गुदड़ी मेले में गंगा पार के व्यक्ति भी नाव से नदी पार करके खरीदारी करने आते हैं।*

## नारनौर घाट पर कार्तिक पूर्णिमा मेले का शुभारंभ



**चांदपुर ( चिंगारी )।** कार्तिक पूर्णिमा पर नारनौर घाट पर लगने वाले मेले का शुभारंभ विधि-विधान व पूजा-अर्चना के साथ किया गया। मेले में श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गये हैं। तहसीलदार आलोक कटियार, सर्वेश अग्रवाल व राजीव अग्रवाल यजमान रहे। विधि विधान के साथ पूजन पं. विकास शर्मा ने कराया। इस अवसर पर मेला समिति के अध्यक्ष नीतीश कुमार गुप्ता, बिल्लू गुप्ता, अध्यक्ष अजय कौशिक आदि मौजूद रहे। अजय कौशिक ने बताया कि 5 नवम्बर तक लगने वाले मेले में 4 नवम्बर तक सायं के समय गंगा पूजन व आरती की जाएगी। मेले में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसकर्मी व अग्नि शमन की टीम मौजूद है। श्रद्धालुओं के स्नान व दीपदान करने के लिए व्यवस्था की गई है तथा साथ ही महिलाओं के वस्त्र बदलने के लिए समुचित व्यवस्था की गई है।

## तुलाराम बने किसान सभा के जिलाध्यक्ष

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय किसान सभा से सम्बद्ध उत्तर प्रदेश किसान सभा इकाई जनपद बिजनौर के 36वें सम्मेलन में आगामी तीन वर्षों के लिये का. तुलाराम को अध्यक्ष तथा का. फरीद अहमद को पुन: जिला मंत्री चुना गया। उत्तर प्रदेश किसान सभा से नियुक्त पर्यवेक्षक का. डी.पी. सिंह एवं चन्द्रपाल सिंह की देखरेख में 24 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में का. तुलाराम निवासी चांदपुर को अध्यक्ष, राघव प्रताप एड. निवासी मंडावली (नजीबाबाद) एवं इसरार अली निवासी स्योहारा को उपाध्यक्ष, का. फरीद अहमद निवासी सहसपुर को मंत्री, मांगेराम निवासी चांदपुर एवं इसरार अहमद निवासी नजीबाबाद को उपमंत्री तथा बदरूल हसन निवासी चांदपुर को कोषाध्यक्ष चुना गया है। उक्त सम्मेलन वीके फार्म हाउस नांगल सोती में का. अमर सिंह एवं का. हरपाल सिंह की अध्यक्षता तथा का. फरीद अहमद के संचालन में सम्पन्न हुआ।

# धूमधाम से निकाली निशान यात्रा

## खाटू श्याम के भजनों पर झूमें श्रद्धालु



**चांदपुर ( चिंगारी )।** शनिवार की शाम को नगर के बिजनौर रोड स्थित देवी मंदिर से विशाल निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा में श्याम बाबा का श्रृंगार व श्रद्धालु अपने हाथों में झंडा लिए चल रहे। निशान यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए रामलीला मैदान स्थित श्री हनुमान मेंहदीपुर धाम खाटू श्याम मंदिर पहुंची। पं. नरेश कुमार शर्मा ने विधि विधान के साथ पूजन कराया, जिसमें यजमान राहुल तायल थे। बाद में सरदार मंजीत सिंह गोरखपुर, आयुष बंसल लखीमपुर खीरी व मीरा माथुर वाराणसी ने सुंदर-सुंदर भजन सुनाकर श्याम बाबा का गुणगान किया। बाबा के भजनों पर श्रद्धालु तड़के तक झूमते रहे। कार्यक्रम में ब्रजेश पाल गुरु जी, महंत पवन कुमार, सजल गुप्ता, विवेक शर्मा, विशाल कुमार, गोपाल मित्तल, मनमोहन गुप्ता, आशीष सैनी, सुरेश कुमार प्रजापति, शालू त्यागी, गौरव अग्रवाल, शशी भाटिया, राजीव कुमार अग्रवाल, आकाश मित्तल, आशू गोयल, मोनू सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

चिंगारी

के लिये नहटौर में समाचार और विज्ञापन के लिये संपर्क करें।

मोहित शर्मा

संवाददाता, मोबाइल नम्बर-

9012967455

ख़बर सबसे पहले असर सबसे ज़्यादा

चिंगारी

## अजहरूद्दीन के मंत्री बनने पर तुर्क ने बांटी मिठाई




पूर्व क्रिकेटर अजहरुद्दीन के साथ इस्माईल तुर्क का फाइल फोटो।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** मुरादाबाद लोकसभा के सांसद रहे मौ. अजहरुद्दीन के पूर्व प्रतिनिधि अफजलगढ़ निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता इस्माईल तुर्क ने अजहरुद्दीन को तेलंगाना में कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर खुशी का इजहार करते हुए पार्टी अध्यक्ष खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी व प्रियंका गांधी आदि सहित तेलंगाना के मुख्यमंत्री का आभार जताया। अजहरुद्दीन को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर इस्माईल तुर्क ने शनिवार को अपने नगर स्थित कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के बीच खुशियां मनाते हुए मिष्ठान वितरण किया और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा कराया। इस्माईल तुर्क ने कहा कि पार्टी ने मौ. अजहरुद्दीन को कैबिनेट मंत्री बनाकर जो सम्मान दिया है, वह काबिले तारीफ है और मौ. अजहरुद्दीन इस सम्मान के हकदार हैं। इस्माईल तुर्क के साथ इस अवसर पर ध्यान सिंह चौहान, हाजी आदिल, अब्दुल वाहिद माहीगीर, अफसर अली, रईस माहीगीर, नन्हे सिंह चौहान, छिद्दू ठेकेदार अंसारी आदि अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हेजलमून में तीरंदाजी एकेडमी का शुभारंभ



**चांदपुर ( चिंगारी )।** द हेज़लमून स्कूल, चांदपुर में आर्चरी (तीरंदाज़ी) एकेडमी का शुभारंभ किया गया। हीमपुर दीपा थाना प्रभारी निरीक्षक जय भगवान व स्कूल के प्रबंधक अरविन्द मित्तल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर आर्चरी (तीरंदाज़ी) एकेडमी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक अरविंद मित्तल ने कहा कि यह विद्यालय के खेल पाठ्यक्रम में एक नये अध्याय की शुरुआत है, जो विद्यार्थियों में अनुशासन, एकाग्रता और सटीकता जैसे गुणों को विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह ने विद्यार्थियों को नये कानूनों और नीतियों में हुए परिवर्तनों के बारे में जागरूक किया। विद्यालय के चेयरमैन श्री अनिरुद्ध ने कहा कि तीरंदाजी एक ऐसा खेल है जो बच्चों में धैर्य, एकाग्रता और आत्म नियंत्रण की भावना को सशक्त करता है। विद्यालय की निदेशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने कहा कि द हेज़लमून स्कूल अपने विद्यार्थियों को ऊंचे लक्ष्य तय करने, एकाग्र रहने और अपनी मेहनत के तीर को सफलता की दिशा में उड़ाने के लिए प्रेरित करता रहेगा। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने कहा कि स्कूल में तीरंदाजी एकेडमी की स्थापना क्षेत्र में युवा वर्ग की प्रतिभा को उभारने के लिए एक नई पहल की शुरुआत की है। कार्यक्रम में पिनाकी टीम के अंकित शर्मा, आलोक शुक्ला व ट्रेनर शैली कौशिक ने कहा कि स्कूल में तीरंदाजी एकेडमी छात्रों में अनुशासन, ध्यान और आत्म विश्वास विकसित करने का उत्कृष्ट माध्यम बनेगी।

# गन्ने के खेत में बना दिया मजार

## नवनिर्माण को ध्वस्त कराती पुलिस।



## अवैध निर्माण करने वाला गिरफ्तार

**नांगल सोती (चिंगारी)।** ग्राम शेरपुर अभि उर्फ अभिपुरा में 15 वर्ष पूर्व मानसिक रूप से अस्वस्थ एक व्यक्ति द्वारा कुछ ईंटें रखकर बनाये गये कथित पूजास्थल को गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा मजार का रूप दे दिया गया। उक्त स्थान गन्ने के खेत के अंदर होने के कारण खेत स्वामी को एक सप्ताह बाद पता लगा। मामला संज्ञान में आने पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और नवनिर्माण को ध्वस्त करा दिया। अवैध कब्जा एवं अवैध निर्माण करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

नांगल थानांतर्गत ग्राम शेरपुर अभि उर्फ अभिपुरा में नरेश पुत्र लोटन सिंह के खेत में पीपल के पेड़ के नीचे 15 वर्ष पूर्व एक कथित पूजास्थल बनाया गया था। 4 वर्ष पूर्व उस कथित पूजास्थल को पक्का करा दिया गया था। यह स्थान गन्ने के खेत के अंदर स्थित है। किसान एक सप्ताह से अपने खेत पर नहीं गया था। इस बीच मौका देखकर गांव के ही आबिद पुत्र नफीस ने कथित पूजास्थल को मजार का रूप देते हुए उसके चारों ओर चबूतरा निर्मित करा दिया, टिनशेड डलवा दिया तथा वहां एक दानपात्र भी लगवा दिया। किसान खेत पर सिंचाई करने पहुंचा, तो उसे नवनिर्माण की जानकारी मिली। सूचना मिलने पर मौके पर काफी ग्रामीण एकत्रित हो गये। प्रकरण सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया। सूचना पर एएसपी (सिटी) डा. कृष्ण गोपाल सिंह, सीओ (सिटी) आईपीएस गौतम राय, नायब तहसीलदार अमित कुमार, थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक मौके पर पहुंचे और नवनिर्माण को ध्वस्त करा दिया। थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक ने बताया कि नवनिर्माण करने वाले आबिद पुत्र नफीस के विरुद्ध दूसरे की भूमि पर अवैध कब्जा और अवैध निर्माण करने के आरोप में बीएनएस की धारा 329 (3) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया।

### यूं बना था यह कथित पूजास्थल

**खेत स्वामी लोटन सिंह के पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि वर्ष 2010 में लोटन सिंह के भतीजे पवन पुत्र गणेश ने मानसिक अस्वस्थता की स्थिति में उक्त स्थान पर कुछ ईंटें रखकर वहां दीया और धूपबत्ती जलाने शुरू कर दिये थे। 3-4 वर्ष पूर्व वहां पक्का थला बना दिया गया था। जिस खेत के अंदर यह स्थान बना हुआ है, वह 15 बीघा का है। खेत में गन्ना खड़ा है, इसलिये यह स्थान बाहर से दिखाई नहीं देता है। एक सप्ताह से किसान खेत पर नहीं जा रहा था। इसी बीच आबिद ने उस स्थान को मजार का रूप देते हुए वहां कुछ निर्माण करा दिया।**

# करियर को लक्ष्य जरूरी : डॉ. शिवांशी चौहान

## कैरियर गाइडेंस मेले में दी विभिन्न योजनाओं की जानकारी



**बिजनौर (चिंगारी)।** पीएम श्री विद्यालय धर्मनगरी में आयोजित कैरियर गाइडेंस मेले की मुख्य अतिथि डॉ. शिवांशी चौहान ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर छात्र अध्ययन करें। उन्होंने बच्चों को चिकित्सा के क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। मेले में बच्चों को चिकित्सा, स्वास्थ्य, शिक्षा, रक्षा,फाइनेंस, कृषि संबंधित विभागों की योजनाओं के बारे में बताया गया। पीएम श्री विद्यालय धर्मनगरी में आयोजित कैरियर गाइडेंस मेले में मुख्य अतिथि डॉ. शिवांशी चौहान ने कहा कि करियर बनाने के लिए बेसिक शिक्षा बच्चों की मजबूत होना जरूरी है। साथ ही बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। डॉक्टर शिवांशी ने कहा कि नीट की तैयारी के माध्यम से जहां एमबीबीएस चिकित्सक बनते हैं, वहीं बीएमएस, होम्योपैथी में आयुर्वेदिक के क्षेत्र में भी करियर बनाया जा सकता है। अच्छा करियर बनाने के लिए कड़ी मेहनत व लक्ष्य निर्धारित करना होगा। विशिष्ट अतिथि पंजाब नेशनल बैंक धर्मनगरी के शाखा प्रबंधक जी. एन. त्रिपाठी ने फाइनेंस के क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं के बारे में बच्चों को जानकारी दी। वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन हुआ है। अधिकांश स्कूलों में शिक्षक कड़ी मेहनत के साथ अध्यापन कार्य में जुटे हैं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की शिवानी सिंह, गिरेंद्र सिंह, शिक्षक इबादुर्रहमान, इंचार्ज अध्यापक नरेश पाल वर्मा, डॉ. प्रतीक्षा रानी, रितु गर्ग, आयुषी गुप्ता, प्रवेशिका राजपूत, अर्चना रानी, प्रशांत शर्मा, सुशील कुमार शर्मा आदि ने बच्चों को करियर के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक मोहम्मद तारिक अलीम ने किया।

# गन्ने का मूल्य 30 रूपये बढ़ाया, भाजपा किसान मोर्चा ने जश्न मनाया



**नहटौर (चिंगारी)।** भाजपा किसान मोर्चा की राजकीय कृषि बीज भंडार पर शनिवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरकार द्वारा गन्ने के मूल्य में 30 रूपये बढ़ोतरी किए जाने पर किसानों की हितों की पार्टी बताते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। राजकीय कृषि बीज भंडार पर आयोजित बैठक में सरकार की उपलब्धियां पर विस्तार से चर्चा की साथ ही किसानों के हितों को देखते हुए। वर्तमान में गन्ने का मूल्य 30 रूपये बढ़कर किसानों के हित का काम किया है। गन्ने के रेट बढ़ाए जाने पर किसानों को आर्थिक लाभ मिलेगा। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने सरकार को बधाई देते हुए सरकार की नीतियों को जन जागरण अभियान चलाकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री सोभित त्यागी, चौधरी टीकम सिंह, दानवीर सिंह, सुभाष शर्मा, राकेश सैनी, सुरेंद्र सिंह, संजीव त्यागी, हिमांशु पाराशर, नरपल सिंह, राजीव चौहान, संगम त्यागी, समीर कुमार, अर्जुन, शुभम चौधरी, गौरव चौधरी, विपिन चौधरी, कुलबीर चौधरी, डॉक्टर शशी राम, योगेश सैनी, विपुल चौधरी, अनमोल त्यागी, अरविंद चौधरी, प्रकाश वीर, महिपाल सिंह, अनिल त्यागी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शहजादपुर में भी मजार पर नवनिर्माण का प्रयास पुलिस ने किया नाकाम

**नांगल सोती (चिंगारी)।** नांगल से सटे ग्राम शहजादपुर में उप सब्जी मंडी स्थल के पीछे काली जोहड़ी नाम का तालाब स्थित है। तालाब की ढांग पर दशकों से एक मजार बनी हुई है। वहां छम्मो नाम की एक महिला बैठी रहती है। उक्त मजार पर नांगल निवासी छम्मो का पुत्र इरफान एक कमरे का नवनिर्माण कराना चाहता था। इसके लिये उसने वहां कई हजार ईंटें भी मंगा ली थीं। उक्त भूमि तालाब की बताई जाती है। सूचना पर आज पुलिस ने वहां पहुंचकर नवनिर्माण न कराने की सख्त हिदायत दी है। थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक ने बताया कि इरफान को थाने बुलाकर वहां से ईंटें हटाने के लिये कह दिया गया है। मजार पर कोई नवनिर्माण नहीं करने दिया जायेगा।



शहजादपुर में स्थित मजार और नवनिर्माण हेतु मंगाई गई ईंटें

# भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया



नगीना में आयोजित भगवत कथा में हुई आरती कार्यक्रम में हिस्सा लेते सी ओ डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी।

**नगीना (चिंगारी)।** पंजाबी धर्मशाला में चल रही भागवत कथा के पांचवे दिन आचार्य पंडित कपिल कृष्ण महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। शनिवार को कथा व्यास पंडित कपिल कृष्ण महाराज ने भगवान श्री कृष्ण को कंस के द्वारा भेजे गए सभी दुष्टों के वध की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि भगवान कन्हैया ने यमुना को दूषित करने वाले कालिया नाग का भी मर्दन किया। उन्होंने गिर्राज गोवर्धन महोत्सव की कथा श्रवण करवाई। बताया कि इंद्र को जब अभिमान हो गया कि मेरे बिना संसार में कुछ नहीं हो सकता तो अंत में भगवान ने उनके अभियान का दमन किया। सात वर्ष की अवस्था पर सात दिन सात रात तक गोवर्धन पर्वत को धारण करके रखा। बताया कि जब-जब धरती पर अत्याचार बढ़ेगा, भक्त लोग दुखी होंगे तो भगवान अपने भक्तों की रक्षा करने अवश्य आएंगे। इस मौके पर गोवर्धन पर्वत की झांकी का सुंदर प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने गोवर्धन झांकी पर दूध चढ़ा कर स्वागत किया। आचार्य पंडित कपिल कृष्ण महाराज ने मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी का पटका पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर पंडित विजय भारत भारद्वाज, आचार्य नवनीत प्रसाद गैरोला, पंडित आशीष नौटियाल, मुख्य यजमान सुशील अग्रवाल, ममता अग्रवाल, विभोर अग्रवाल, संजीव मेहता, भाजपा नेता प्रमोद चौहान, पंडित सचिन शर्मा, दिनेश चंद्र रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# बिलाई शुगर मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ



**हल्दौर ( चिंगारी )**। बजाज हिंदुस्थान की बिलाई शुगर मिल के नवीन पेराई सत्र का आज को वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच शुभारंभ हो गया। सुबह मिल परिसर में पंडित नरेशचंद्र शास्त्री द्वारा विधि विधानपूर्वक यज्ञ हवन संपन्न कराया गया, जिसमें मुख्य यजमान यूनिट हेड विजयवीर सिंह रहे। इसके उपरांत मिल गेट के कांटों पर गन्ना लेकर पहली बैल बुग्गी लाने वाले किसानों को चांदपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक स्वामी ओमवेश, यूनिट हेड विजयवीर सिंह ने मुंह मीठा कराकर और उपहार देकर सम्मानित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधायक स्वामी ओमवेश, यूनिट हेड विजयवीर सिंह, केन हेड राहुल चौधरी, प्रोडक्शन हेड पंकज अग्रवाल, इंजीनियरिंग हेड गोपाल कुमार आदि अधिकारियों व किसानों ने मिल की चेन में गन्ने की पुली डालकर नवीन पराई स्तर 2025-2026 का शुभारंभ किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख हल्दौर चौ.विजेन्द्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख नहटौर राकेश कुमार, ब्लॉक प्रमुख हल्दौर चौधरी धर्मवीर सिंह, महावीर सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल, आचार्य नरेंद्र सिंह, नरेश कुमार चेयरमैन गन्ना समिति हल्दौर, नगर पंचायत झालू के अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी, हल्दौर गन्ना समिति के डायरेक्टर परमेन्द्र सिंह, वरूण प्रताप सिंह उर्फ हनी प्रधान, पीतांबर सिंह एडवोकेट, विनय गुप्ता, राजपाल सिंह, दुष्यंत सिंह, राजेश्वर सिंह, अशोक सिंह, भानुप्रताप सिंह, मनोज कुमार, राजीव कुमार, बिट्टू चौधरी, धर्मेंद्र राणा, प्रसून चौधरी, संसार सिंह, आईटी हेड अनुज कुमार शर्मा, सहायक महाप्रबंधक एडमिन कपिल त्यागी, वित्त एवं लेखा हेड संजय गुप्ता, एचआर हेड संजय गोयल सहित संयंत्र के सभी विभागाध्यक्ष, तकनीकी अधिकारी, कर्मचारी, आसपास के गांवों से आए किसान व बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## यूं तक़ल्लुफ की नज़र हम पर न डालो



यूं तक़ल्लुफ़ की नज़र हम पर न डालो,
दिल के ज़ख़्म अब निगाहों से न ताज़ा करो।
तुम चाहो तो छुप जाओ खुद से कहीं,
हम तो हर हाल में तुम्हें याद करते रहे।
जिस राह पे छोड़ आए थे तुम साथ अपना,
अब भी उस राह पे हम इंतजार करते रहे।
कुछ तो रहमत थी तुम्हारी मुस्कराहट में,
अब वह याद भी दर्द बनकर उभरते रहे।
यूं तक़ल्लुफ़ की नज़र हम पर न डालो,
हम तो पहले भी उदास थे, अब रो पड़ते हैं।
-मिस हुसैन

## मौअज्जम बने व्यापार संगठन के नगर उपाध्यक्ष

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी की संस्तुति पर नवाब नजीबुद्दौला मार्केट के शाखा के अध्यक्ष मोनू टाटा ने स्टेशन रोड यंग कलेक्शन के स्वामी मौअज्जम खान को उनके प्रतिष्ठान पर नगर उपाध्यक्ष पद का प्रमाण पत्र उन्हें सौंपा। इनसे आशा व्यक्त की गई है कि वह संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।



व्यापारी को मनोनयन पत्र भेंट करते हुए।

## शेख़ सुहैल के इंतेकाल पर शोक व्यक्त किया

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )**। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक शेख सुलेमान व वरिष्ठ अधिवक्ता शेख मौ. यासिर एडवोकेट के भाई शेख मौ. सुहैल के अचानक हुए इंतकाल पर सांध्य दैनिक समाचार पत्र के सम्पादक सूर्यमणि रघुवंशी ने शेख सुलेमान के आवास पर पहुंचकर गहरे रंजोगम का इज़हार किया व मरहूम शेख सुहैल के परिजनों का ढांढस बंधाया। इस मौके पर सूर्यमणि रघुवंशी ने मरहूम शेख सुहैल को गरीब परवर बेसहारा लोगों की मदद करने वाला व्यक्ति बताते हुए कहा कि शेख सुहैल ने अपना पूरा जीवन गरीबों बेसहारा लोगों की मदद करने में व्यतीत किया। ऐसे व्यक्ति का अचानक दुनिया से चले जाना बेहद दुखद है। इस अवसर पर श्री सूर्यमणि रघुवंशी के साथ शमीम अहमद मामा, मौ. अख्तर सिद्दीकी मौजूद रहे।



## पुलिस ने चोरी हुई दो गायें बरामद कीं

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। स्थानीय पुलिस ने एसपी सिटी के आदेश पर कार्रवाई करते हुए चोरी हुई दो गाय को पीड़ित की मदद से बरामद कर लिया। दो माह पूर्व थाना क्षेत्र के ग्राम हर्षवाड़ा निवासी मौहम्मद शाकिर अंसारी की दो गाय चोरी हो गई थीं। पीड़ित ने जलालाबाद पुलिस चैकी पर तहरीर देकर चोरी गायों का ढूंढने का काम शुरू कर दिया था। कुछ पता न चलने पर पीड़ित ने एसपी सिटी से चोरी गई गायों को बरामद कराने की गुहार लगाई थी। एसपी सिटी ने नजीबाबाद पुलिस को तत्काल चोरी गई गायों को बरामद करने के आदेश दिये थे। पुलिस ने पीड़ित के साथ एक गाय को कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम लकड़ा से तथा दूसरी गाय को नगीना देहात क्षेत्र के कुरैशी बिरादरी के एक व्यक्ति के यहां से बरामद कर लिया।

## प्रतियोगिता में मिस्बाह परवीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान 2025 के तहत आयोजित प्रतियोगिता में मिस्बाह परवीन उच्च प्राथमिक विद्यालय दहीरपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसका जनपद स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयन किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा मिस्बाह परवीन तथा ब्लॉक स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में 200 व 400 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कैफिया मुश्ताक को सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान मौ. राशिद ने उक्त छात्राओं को पांच-पांच सौ रूपए का नकद इनाम भेंट किया। मुख्य अध्यापक इकबाल अहमद ने कहा कि अभिभावक को अपनी बेटियों को बेटों की तरह तालीम के बराबर अवसर देने चाहिए। सहायक अध्यापक अमित कुमार ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। ग्राम प्रधान मौ. राशिद ने कहा कि सभी बच्चों को कठिन मेहनत कर अपने विद्यालय, गांव व परिवार का नाम रोशन करना चाहिए। कार्यक्रम में शशिकान्त शर्मा, अरूण कुमार, पुष्पा रानी, मौ. आदिल, अ. मजीद, इब्राहीम, मकसूद, आकिल आदि मौजूद रहे।



## आज़ाद समाज पार्टी ने मिशन 2027 की तैयारी तेज की

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। आजाद समाज पार्टी के कार्यालय पर मिशन 2027 को लेकर क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नगीना सांसद एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद जिस तरह से लोकसभा में क्षेत्र के मुद्दे मजबूती से उठा रहे हैं। गरीबों, मजलूमों, दलितों, मुसलमानों व ओबीसी पर हो रहे जुल्म के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं, वह सराहनीय है। वक्ताओं ने 2027 में सभी से एकजुट होकर चंद्रशेखर आजाद के हाथों को मजबूत करने की बात कही। उन्होंने विश्वास जताया कि अगर पार्टी नजीबाबाद से खुर्शीद मंसूरी को चुनाव लड़ने का मौका देती है, तो जनता उन्हें विधानसभा तक पहुंचाने का काम करेगी ताकि क्षेत्र की आवाज बुलंद हो तथा विकास को नई दिशा मिले। रईसुद्दीन की सदारत एवं इमरान मंसूरी की निजामत में आयोजित बैठक में मौलाना अनवारुल हक, रईस अहमद, असलम, इरफान, प्रधान जोगीरम्पुरी, नाजिम, जाफर, रफीक, मुकीम, जमील, रहमान, कासिम आदि मौजूद रहे।




बैठक में विचार रखते खुर्शीद मंसूरी।

# भाजपा ने इगास बग्वाल हर्षोल्लास से मनाया लोक गीतों व लोक नृत्य से रंग जमाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित मालवीय उद्यान में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा उत्तराखंड का लोकपर्व इगास बग्वाल हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पारंपरिक रूप से नृत्य करते हुए भैलो खेलने के साथ ही आतिशबाजी की गई। पारंपरिक पकवान स्वाले, भूड़े, अरसे आदि वितरित किए गए और स्थानीय महिला समूहों, छात्र छात्राओं, सांस्कृतिक दलों द्वारा लोकगीत एवं लोकनृत्य किए गए।

महोत्सव का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण, भाजपा जिलाध्यक्ष राज गौरव नौटियाल और महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत ने दीप प्रज्वलन एवं भैलो जलाकर किया गया। तत्पश्चात बलूनी पब्लिक स्कूल और श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल के विद्यालयी सांस्कृतिक दलों द्वारा उत्तराखंड के लोकनृत्य थड़्या, चौंफला आदि पर मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। वहीं स्थानीय महिलाओं के विभिन्न सांस्कृतिक दलों ने झुमैलो, भैलो भैलो खेल खिलवारी, दिन बौड़ी ऐ गे इगास बग्वाल आदि लोकगीतों पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुतियां दी। मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने प्रदेशवासियों को इगास की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व उत्तराखंड की लोक संस्कृति का गौरवशाली पर्व है। उन्होंने कहा कि समेकित प्रयासों से हम अपनी लोक संस्कृति के पुनर्जागरण में सफल हुए हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष राज गौरव नौटियाल ने भी लोगों को इगास बग्वाल पर्व की शुभकामनाएं दी।

## इगास पर्व धूमधाम से मनाया झंगोरे के लड्डू का भोग लगाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत मानपुर स्थित शांति वल्लभ मेमोरियल इंटर कॉलेज में शनिवार को इगास पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने गौ माता का पूजन किया और उन्हें भोग के रूप में मंडुवे की बाड़ी और झंगोरे के लड्डू का भोग लगाने के साथ ही उनके माथे पर तिलक भी किया। तत्पश्चात छात्रों को जानकारी देने के साथ ही इगास पर्व पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसके बाद स्कूल प्रांगण में मंडाण लगायी गयी और समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों ने उसकी परिक्रमा की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य वरूण भदोला, विष्णु प्रताप, मनबीर सिंह बिष्ट, कमलेश सिंह रावत, मधुमिता जखमोला और पृथ्वी पाल सिंह सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# मोटर मार्गों के निर्माण की मांग को लेकर उक्रांद ने रोष जताया धरना देकर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड क्रांति दल की महानगर इकाई ने शनिवार को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूरी के कैंप कार्यालय के बाहर चिलर खाल-लालढांग नेशनल हाईवे सहित वन संरक्षण अधिनियम के कारण रुके हुए मोटर मार्गो के निर्माण की स्वीकृति हेतु धरना प्रदर्शन किया। इस अवसर पर दल के संरक्षक डॉ. शक्ति शैल कपरवाण ने उत्तराखंड के पांचों सांसदों पर आरोप लगाया कि उनकी लापरवाही के कारण ही चिलर खाल-लालढांग, कालागढ़-कोटद्वार नेशनल हाईवे, यमकेश्वर विकासखंड में बीन नदी पुल का निर्माण, कौडिया-किमसार मोटर मार्ग का डामरीकरण व नीलकंठ-गरुड़चट्टी मोटर मार्ग का निर्माण कार्य रुका पड़ा है। उन्होंने सांसदों से मांग की कि वे संसद में उत्तराखंड राज्य में वन कानून व वन्य जन्तु संरक्षण कानून में संशोधन कर कानून को जनोपयोगी व विकास उन्मुख बनाए तथा राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड, एनजीटी व सुप्रीम कोर्ट में वन कानूनों के कारण लंबित मोटर मार्गो के निर्माण की स्वीकृति के लिए कार्य करें। उक्रांद की अनुशासन समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत ने उत्तराखंड सरकार पर आरोप लगाया कि चिलर खाल-लालढांग नेशनल हाईवे निर्माण के लिए दो महीने से जन आंदोलन हो रहा है, लेकिन सरकार सुध लेने के लिए राजी नहीं है। कहा कि पार्टी जनमुद्दों को लेकर आंदोलन जारी रखेगी।

धरना प्रदर्शन करने वालों में महानगर अध्यक्ष जग दीपक सिंह रावत, पितृ शरण जोशी, सांगठनिक जनपद अध्यक्ष मुकेश बड़थ्वाल, सत्यपाल सिंह नेगी, प्रवेश नवानी, देवेन्द्र सिंह रावत, भारत मोहन काला, पुष्कर सिंह रावत, गुलाब सिंह रावत, हयात सिंह, जनार्दन ध्यानी, उमेद सिंह भण्डारी, कमलेश, कुकरेती, पंकज डबराल, अशोक कण्डारी और हरीश ध्यानी सहित पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे।

# नशा तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई जारी एक और अभियुक्त की हुई गिरफ्तारी



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोतवाली पुलिस की ड्रग्स फ्री देवभूमि बनाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत नशा तस्करों की धर पकड़ की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में पुलिस ने शनिवार को एक नशा तस्कर को तीन लाख रुपये मूल्य की स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार के जनपद भर में नशा, मादक पदार्थों एवं ड्रग्स की बढ़ती प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के निर्देश के क्रम में कोतवाली निरीक्षक रमेश तनवार के नेतृत्व में पुलिस व सीआईयू टीम द्वारा कोटद्वार क्षेत्र में चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान रेलवे फाटक दिल्ली फार्म के पास एक व्यक्ति राहुल रावत, पुत्र जसवंत सिंह रावत, निवासी-गिवांई सोत की तलाशी लेने पर उसके पास से तीन लाख रू. मूल्य की 10.10 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी को पुलिस टीम द्वारा मौके पर गिरफ्तार कर कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# पुराना कलेक्ट्रेट भवन होगा हेरिटेज भवन के रूप में संरक्षित : डीएम

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत जनपद पौड़ी गढ़वाल के पुराने कलेक्ट्रेट भवन को हैरिटेज भवन के रूप में संरक्षित किया जा रहा है। इस भवन में जिले के गौरवशाली अतीत से जुड़ी पौराणिक, ऐतिहासिक व पारंपरिक वस्तुएं प्रदर्शित की जाएंगी, जो कभी आम जनमानस के दैनिक जीवन का हिस्सा रही हैं। जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने बताया कि हैरिटेज भवन में पौराणिक मूर्तियां, पारंपरिक वस्त्र, प्राचीन उपकरण, हस्तनिर्मित कलाकृतियां और विलुप्त होती सांस्कृतिक धरोहरों को एक साथ प्रदर्शित किया जाएगा। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को अपने इतिहास, संस्कृति और विरासत की जानकारी देना है ताकि वे अपनी जड़ों से जुड़ सकें। जिलाधिकारी पौड़ी ने जनसामान्य से अपील की है कि जिन व्यक्तियों या संस्थाओं के पास इस प्रकार की पौराणिक या ऐतिहासिक सामग्री उपलब्ध है और वे उसे हैरिटेज भवन में प्रदर्शित करने के इच्छुक हैं, वे 15 नवम्बर तक जिलाधिकारी कार्यालय, पौड़ी में संपर्क कर सकते हैं।

# महाविद्यालय में उत्तराखण्ड की स्थापना की रजत जयंती मनाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती पर राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में गुरुवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का आरंभ करते हुए प्राचार्य डॉ. अरविंद सिंह ने विद्यार्थियों को अध्ययन के अलावा प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात आयोजित एकल गायन प्रतियोगिता में दिव्यांशु ने पहला, रितिका ने दूसरा और शालिनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्केचिंग में अलंकृत कंडारी, अनीशा आर्य और रोहित रहे। सामूहिक नृत्य में प्रीति, प्राची, मुस्कान, हिमानी का ग्रुप प्रथम रहा। एकल नृत्य में मुस्कान प्रथम, व हिमानी द्वितीय स्थान पर रही। उत्तराखंड संस्कृति भाषा एवं पर्यावरण विषय पर हुई क्विज प्रतियोगिता में शिखर गौड़, दिव्यांशु डबराल व अभिषेक क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। प्रारंपरिक खाद्य प्रतियोगिता में पूजा, प्रिया, रानी, काजल प्रथम, दीपिका, द्वितीय व सोनम तृतीय रहीं। इस मौके पर प्रो. अशोक कुमार मित्तल, डॉ. विनय देवलाल, डॉ. अनुराग शर्मा, डॉ. कविता अहलावत, दीप्ती मैठाणी आदि मौजूद रहे।

# विज्ञान, कॉमर्स, आर्टस प्रदर्शनी आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत देवी रोड स्थित श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल में शनिवार को विज्ञान, कामर्स और आर्टस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

## विज्ञान से हम जीवन को सरल बना सकते हैं - दिनेश नेगी

विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन श्री गुरू राम राय एजुकेशन मिशन कोटद्वार क्षेत्र के निदेशक डी.एम. रतूड़ी, विद्यालय प्रधानाचार्य दिनेश सिंह नेगी, श्री गुरू रामराय पैरामेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. गिरीश उनियाल, श्री गुरू राम राय नर्सिंग कालेज के प्राचार्य डॉ. राजकुमार एवं श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल कण्वघाटी के प्रधानाचार्य प्रवेश बडोला द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य दिनेश सिंह नेगी ने कहा कि विज्ञान हमारे जीवन से सीधा जुड़ा हुआ है। विज्ञान का सदुपयोग कर हम जीवन को सरल बना सकते हैं। वहीं विज्ञान का दुरूपयोग मानव के लिये भयावह भी साबित हो सकता है। प्रदर्शनी के अंतर्गत कला वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा गढ़वाल की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक व भू भाग का प्रदर्शन करने वाले मनमोहक माडल प्रदर्शित किये गए। वाणिज्य संकाय के छात्रों ने बैंकों की कार्य प्रणाली व आधुनिक शापिंग माल का माडल बनाकर आधुनिक सोच का परिचय दिया। विज्ञान संकाय के छात्रों के चन्द्रयान, विक्रम लैण्डर, हाइड्रोलिक ब्रिज, सोलर सिस्टम, वाटर हार्वेस्टिंग, पर्यावरण संरक्षण व जल संरक्षण पर माडल और चार्ट प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। नन्हें वैज्ञानिकों ने वेस्ट मैनेजमेंट, भूकम्प अलार्म, एनर्जी रिसोर्स, ड्रिप इरिगेशन सिस्टम, सौरमण्डल, फैमिली ट्री आदि मॉडल प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में डॉ. गिरीश उनियाल, डॉ. राजकुमार व प्रवेश कुमार बडोला ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# गढ़वाल द्वारा तिब्बत की सेना को पराजित करने की खुशी में मनाया जाता है इगास पर्व : डॉ. राजे

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अंतर्राष्ट्रीय गढ़वाल महासभा एवं उत्तराखंड एक्जाम प्वाइंट द्वारा लोकपर्व इगास के उपलक्ष्य में वीर भड़ माधोसिंह की जीवनगाथा को अभिनय के माध्यम से जीवंत करने वाले उत्तराखंडी फ़िल्म अभिनेता बलदेव राणा को पुष्प गुच्छ, शाल ओढ़ाकर एवं भगवत गीता भेंटकर सम्मानित किया गया। देहरादून रोड स्थित कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय गढ़वाल महासभा के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. राजे नेगी ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी अपनी लोक संस्कृति एवं पारम्परिक त्योहारों को मनाए जाने के इतिहास से रूबरू हो बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि इगास पर्व का सीधा संबंध वीर भड़ माधो सिंह भण्डारी की विजय वीर गाथाओं से जुड़ा है। इस मौके पर विभिन्न मंचो पर वीरभड़ माधो सिंह भंडारी नाटक मंचन कर चुके अभिनेता बलदेव राणा ने बताया कि आज से ठीक 430 साल पहले 17 वीं शताब्दी में गढ़वाल श्रीनगर राजाओं की राजधानी हुआ करती थी। इस रियासत के राजा महिपत शाह के शासन काल मे माधो सिंह भंडारी गढ़वाल की सेना के प्रमुख सेनानायक रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# मनोज तिवारी के रोड शो के दौरान बवाल

## सांसद बोले- राजद समर्थकों ने हमें कुचलने की कोशिश की

**पटना ( एजेंसी/चिंगारी )।** बक्सर में भारतीय जनता पार्टी सांसद मनोज तिवारी के रोड शो के दौरान बवाल हो है। मनोज तिवारी पर हमला हुआ। ऐसा दावा उन्होंने खुद किया है। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल के समर्थकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि डुमरांव में रोड शो के दौरान उन पर हमला किया गया। हमने डुमरांव, बक्सर में रोड शो किया और मैं यह देखकर हैरान रह गया कि कैसे राजद समर्थकों ने हमारे कार्यक्रम में घुसपैठ की। राजद समर्थकों ने नारेबाजी शुरू कर दी। पहले हमें हूट किया गया, फिर किसी ने हमारी गाड़ी पर राजद का झंडा लगाने की कोशिश की। जब हमने इसका विरोध किया, तो उन्होंने हमें कुचलने की कोशिश की और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। मनोज तिवारी ने आगे कहा कि मोकामा जैसी घटना दोबारा न हो, इसलिए हमने अपने ड्राइवरों को गाड़ियां तेजी से निकालने का निर्देश दिया। लेकिन उन्होंने हमारी गाड़ियों पर डंडों से हमला किया, जिससे हमें वहां से भागना पड़ा। मैं चुनाव आयोग, प्रशासन और महागठबंधन के नेताओं से अपील करता हूं। चुनाव के दौरान ऐसा व्यवहार कैसा है? यह एक खुला अपराध है। हार के डर से राजद वाले ऐसा कृत्य करेंगे यह मैं कभी सोच भी नहीं सकता हूं।


**आवश्यकता है**

डाटा एंट्री, रिपोर्ट तैयार करना और ऑनलाइन रिसर्च जैसे कार्य करने के लिए ऐसे युवक- युवतियों की आवश्यकता हैं, जिन्हें कंप्यूटर का अच्छा अनुभव व Microsoft Excel, Word और Internet का अच्छा ज्ञान हो। मेहनती व अनुभवी तुरंत संपर्क

AY Enterprises Haldaur
Mob. 6396616047



**MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL**
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
URGENTLY REQUIRED
PGT (ALL SUBJECTS)
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800042, 8958800019








# आधी अधूरी तैयारी के बीच तिगरी मेला शुरु

**अमरोहा ( एजेंसी/चिंगारी )।** देवउठनी एकादशी पर विधिवत पूजा अर्चना के बाद अमरोहा जिले में ग्रामीण भारत का प्रसिद्ध महाभारत कालीन सरकारी तिगरी मेला आधी-अधूरी तैयारियों के बीच आरंभ हो गया। मेला छह नवंबर तक चलेगा। प्रयागराज महाकुंभ में महत्वपूर्ण आकर्षण रहे आईआईटी बॉम्बे से एयरोस्पेस इंजीनियर , आईआईपी बाबा दो नवंबर को तिगरी मेले में अपने विचार साझा करेंगे। प्रयागराज महाकुंभ में देश-विदेश के साधू-संतों के शामिल होने के दौरान अलग-अलग विशेषताओं को लेकर साधू-संतों की चर्चा सुर्खियों में रही थी। उनमें से एक जो युवाओं में काफ़ी लोकप्रिय माने जाते हैं आईआईटीयन बाबा इस बार मेला स्थल पर आयोजित होने वाले यूथ कांफ्रेंस में शिरकत करेंगे और ग्रामीण भारत के युवाओं से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उभरती प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को बढ़ावा देने,हायर एजुकेशन, स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम और मेंटल हेल्थ जैसे कार्यक्रम की जानकारी साझा करेंगे। गौरतलब है कि आईआईटी बॉम्बे से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग करने और कनाडा समेत विदेशों में तीन लाख रुपये प्रति माह की अच्छे पैकेज वाली नौकरी बीच में छोड़ने के बाद आईआइटीयन बाबा धर्म और संन्यास की राह पर चल पड़े।

